हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]


# 2.16 करोड़ का भ्रष्टाचार, सहायक संचालक सहित तीन फर्म के खिलाफ एफआईआर

## केज कल्चर लगाने मिलने वाली अनुदान राशि को लेकर की गई अनियमितता, जांच में पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि में गड़बड़ी की शिकायत के बाद हुई जांच में सहायक संचालक सहित तीन फर्म को आरोपी मानते उनके खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया गया है। केज कल्चर लगाने के नाम पर करीबन 2.16 करोड़ रुपए का गबन इस मामले में किया गया। शासन ने सहायक संचालक गीतांजलि गजभिये को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सहायक संचालक मछली पालन गीतांजलि गजभिये द्वारा केज कल्चर लगाने के लिए वर्ष 2021-22 में 2.70 करोड़ की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया था। जिसके विरुद्ध प्रशासन द्वारा 1.29 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई। ऐसे ही तीन फरवरी 2021 को चार हितग्राहियों को 72 केज के लिए करीबन 2.16 करोड़ रुपए की अनुदान राशि स्वीकृत की गई। इस अनुदान राशि को लेकर ही बड़ा खेल किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिन हितग्राहियों के नाम पर यह अनुदान राशि जारी की गई, उनके खाते में राशि पहुंची ही नहीं, बल्कि विभाग द्वारा सीधे अनुदान की राशि तीन फर्म को भेजी गई। जिसमें बिलासपुर की फर्म मेसर्स स्टार सप्लायर, पथर्री स्थित एक्वाकल्चार फिंगेश्वर और अभनपुर स्थित एसएस एक्वाफिड झाकी फर्म शामिल है।

### जांच में मिली गड़बड़ी

शिकायत सामने आने के बाद शासन द्वारा कराई गई जांच में पाया गया कि अनुदान राशि देने के लिए मंगाए गए आवेदन का प्रारूप ही गलत था। आवेदन में पता का उल्लेख ही नहीं था, अन्य दस्तावेज के संबंध में भी सहायक संचालक गीतांजलि गजभिये द्वारा प्रमाण पत्र नहीं लिया गया। ऐसे ही चयनित हितग्राहियों द्वारा केज लगाने के लिए 40 फीसदी राशि खर्च की जानी थी, लेकिन वास्तविकता में ऐसा नहीं किया गया।



### इनके खिलाफ मामला

राजनांदगांव कोतवाली थाना में इस मामले को लेकर सहायक संचालक मछली पालन गीतांजलि गजभिये, फर्म संचालक मेसर्स स्टार सप्लायर बिलासपुर, फर्म संचालक एसएस एक्वाकल्चर पथर्री एवं फर्म संचालक एसएस एक्वाफिड झांकी रायपुर के खिलाफ धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### बिना पंजीयन दिया काम

नियम अनुसार 10 वर्ष की अनुबंध लीज के लिए अनुबंध का पंजीयन ही नहीं कराया गया, बल्कि 50 रुपए के स्टाम्प में अनुबंध निष्पादित कर दिया गया। ऐसे ही केज स्थापना किसने की, इसका भी जिक्र नहीं है। निगरानी समिति द्वारा भी न ही केज का भौतिक सत्यापन किया गया और न ही समय-समय पर निरीक्षण किया गया। अनुदान की राशि नियमानुसार हितग्राहियों के खाते में सीधे भेजी जानी चाहिए, लेकिन इस मामले में राशि फर्म को नियम विरुद्ध भेज दी गई।

## खबर संक्षेप

### धुमाल पार्टी का सामान लेकर जा रहा वाहन पलटा, पांच घायल

**राजनांदगांव।** धुमाल पार्टी का सामान को लेकर एवं अन्य लोगों को बिठाकर जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे इसमें सवार पांच लोगों को चोंटे आई, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बडगांव निवासी गजेन्द्र मंडावी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे 4 जुलाई को मुरूमगांव महाराष्ट्र से शादी कार्यक्रम में बुकिंग पर वाहन महेन्द्रा टीयूव्ही से अपने धुमाल पार्टी का सामान लेकर धनेश्वर रावटे, भजन चौका, हरेन्द्र भैसा, हरेश फरदिया, लोमन चौक, समीर निषाद चंद्रदेव कोटपरिया, योगेश यादव के साथ मुरूमगांव महाराष्ट्र से ग्राम चिखलाकसा दल्लीराजहरा जिला बालोद जा रहे थे।

#### उपचार हेतु भर्ती

उक्त वाहन जैसे ही दोपहर ढाई बजे मेन रोड तुमडीकसा मोड के आगे पुलिया के पास पहुंचा, वाहन चालक ने पुलिया में ठोकर मार दिया। जिससे वाहन पलट गया। वाहन पलटने से इसमें बैठे योगेश यादव, हरेश कुमार, समीर निषाद, भजनलाल तथा वाहन चालक दुलेश्वर साहू को चोंटे आई है, जिन्हें डायल-112 एवं 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल मानपुर ले जाकर भर्ती किया गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## एक वार्ड होगा विलोपित!, दो दर्जन वार्डों में बढ़ेगी मतदाताओं की संख्या

# नेताओं के इशारे पर परिसीमन की प्रक्रिया प्रारंभिक प्रकाशन से पहले ही मचा बवाल


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

साल अंत में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगामी दिनों परिसीमन का प्रारंभिक प्रकाशन भी किया जाएगा। इससे पहले 2011 की जनगणना के अनुसार परिसीमन के लिए नियुक्त किए गए अफसरों को निकाय का परिसीमन करना है, लेकिन नियमों की अनदेखी कर शहर का परिसीमन नेताओं के इशारे पर किया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मौजूदा स्थिति में करीबन दर्जनभर वार्डों को परिसीमन की प्रक्रिया में प्रभावित किया जा रहा है। इन वार्डों के इलाको में बड़ा बदलाव करने के साथ ही उनके मतदाताओं की संख्या में भी बदलाव होगा। हालांकि इसका प्रारंभिक प्रकाशन आगामी 9 जुलाई को होना है, लेकिन इससे पहले ही जिन वार्ड के पार्षदों को उनके इलाके के घटने-बढ़ने की जानकारी मिल रही है। उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। बताया गया कि आज कुछ वार्ड के लोग प्रशासन को उनके इलाकों में बदलाव नहीं करने को लेकर आवेदन देने की तैयारी में भी है।

## परिसीमन का प्रथम प्रकाशन करने की तैयारियों में जुटा प्रशासन



### किया जाएगा विरोध

मिली जानकारी के अनुसार मेरे वार्ड, वार्ड क्र.27 के कुछ हिस्सों को हटाकर इसमें वार्ड क्र.28 का इलाका जोड़ा जा रहा है। यदि नियम अनुसार परिसीमन नहीं किया गया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

- **गणेश पवार**, पार्षद, वार्ड क्रमांक 27

### नियमानुसार करेंगे प्रक्रिया

शासन के निर्देश अनुसार परिसीमन की कार्रवाई की जा रही है। प्रथम प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति का समय दिया जाएगा। जिसके निराकरण पश्चात अंतिम प्रकाशन होगा।

- **अतुल विश्वकर्मा**, एसडीएम

### हर वार्ड में रहेंगे साढ़े तीन हजार मतदाता

मिली जानकारी के अनुसार पांच साल पहले 2019 में हुए वार्ड चुनाव के दौरान शहर के 51 वार्डों में कुल 1.22 लाख मतदाता थे। इस हिसाब से हर वार्ड में करीबन 24 सौ मतदाता होने थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया था। अब शहर में मतदाताओं की संख्या करीबन पौने दो लाख पहुंच गई है। ऐसे में हर वार्ड में 34 सौ मतदाता होने चाहिए। हालांकि परिसीमन के दौरान मतदाताओं की संख्या को देखने सभी वार्डों में मतदाताओं की संख्या 3 से 4 हजार के बीच रखने की कवायद की जाएगी।

### प्रथम प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति

परिसीमन प्रक्रिया के लिए शासन से निर्देश मिलने के बाद जिला कलेक्टर ने चार अधिकारियों को चार निकायों का जिम्मा सौंप दिया है। राजनांदगांव एसडीएम को नगर निगम का परिसीमन करने की जिम्मेदारी दी गई है। मतदाता संख्या और भौगोलिक स्थिति के अनुसार वार्डों का विभाजन होगा। परिसीमन में होने वाले बदलाव का प्रथम प्रकाशन किया जाएगा। जिसके बाद इसके विरुद्ध दावा-आपत्ति मंगाई जाएगी। दावा-आपत्ति का निराकरण करने के बाद अंतिम प्रकाशन होगा। जिसके बाद नए मतदाताओं को जोड़ने का काम किया जाएगा।

### 2011 जनगणना के आधार पर होगा परिसीमन

अफसरों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश में साल 2011 में की गई जनगणना को आधार मानकर ही यह प्रक्रिया करने को कहा गया है। ऐसे में राजनांदगांव निगम के सभी वार्डों में भी 2011 के जनगणना में वार्डो की जनसंख्या को ही आधार मानकर उनका परिसीमन किया जाएगा। हालांकि पिछले 13 सालों में शहर की आबादी में काफी इजाफा हुआ है। इसके साथ ही शहर का विस्तार भी काफी हुआ है, लेकिन 13 साल पहले हुई जनगणना को आधार मानकर होने वाले परिसीमन से फिर वार्डों के मतदाताओं की संख्या में काफी अंतर देखने को मिलेगा।

# ग्यारह एंगल चोरी होने की सूचना के दूसरे दिन फिर बारह एंगल पार!



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप ग्राम सिंघोला के संबलपुर क्षेत्र में लगभग तीन माह के श्रमदान के बाद ग्रामीणों ने यहां मवेशियों से अपनी फसलों को बचाने खेत पर लोहे के एंगल तार फेंसिंग किया था, जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिए जाने की रिपोर्ट लिखाने आज संबलपुर ग्राम के लोग लालबाग थाना पहुंचे थे।

**श्रमदान से बनाया था सुरक्षा घेरा :** लगातार मवेशियों से फसलों को हो रहे नुकसान को देखते हुए गांव के लोगों ने अपने खेत को सुरक्षित रखने के लिए खेत की सरहदों पर फेंसिंग तार लगाने की योजना बनाई और आपसी में चंदा कर लगभग 9 लाख 4 हजार की लागत से सव तीन सौ एकड़ में चारो हद मिलाकर लगभग साढ़े 5 किलोमीटर एंगल फेंसिंग का कार्य किया। इसके लिए ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान किया और लगभग तीन माह के अथक परिश्रम के बाद एक माह पूर्व खेतों की सुरक्षा के लिए यह एंगल फेंसिंग तैयार हो गया। जिससे खेतों की मवेशियों से तो सुरक्षा हो गई, लेकिन यह असामाजिक तत्वों से सुरक्षित नहीं रह पाया।

असामाजिक तत्वों द्वारा तीन दिन पूर्व फेंसिंग तार को काटकर 11 लोहे के एंगल की चोरी कर ली गई। मामले की जानकारी देने ग्रामीण लालबाग थाना पहुंचे और पुलिस ने मौका मुआयना भी किया, लेकिन इसके बाद दूसरे दिन ही 12 और एंगल की चोरी कर ली गई। आज ग्रामीण असामाजिक तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने लालबाग थाना पहुंचे।

### ग्रामीणों में रोष, जल्द कार्रवाई की मांग

ग्राम समिति के अध्यक्ष खूबलाल साहू ने कहा कि हमने काफी मेहनत कर खेतों की सुरक्षा के लिए एंगल फेंसिंग तार लगाया था। जिसके चोरी हो जाने से सभी को गहरा आघात लगा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द चोरी करने वाले व्यक्ति को तलाश कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए एंगल फेंसिंग को असामाजिक तत्व द्वारा नहर पार से चोरी किया गया है। अज्ञात चोरों ने 23 नग लोहे के एंगल सहित फेंसिंग तार की चोरी कर ली, जिससे ग्रामीणों को नुकसान हुआ। खेत सुरक्षा पर भी घात पहुंचा है।

## माए एंगल




# बाइक सवार को ट्रैक्टर ने रौंदा

## युवक की मौत, ड्राईवर के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेज गति एवं लापरवाही से भाग रही ट्रैक्टर ने बाईक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गेंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमगांव निवासी धन्नालाल कंवर एवं रूपलाल कंवर बाईक में सवार होकर 4 जुलाई को सुबह साढे 10 बजे ग्राम आमाटोला से चौकी गए थे, जो वापस लौट रहे थे। वे ग्राम केशाल मेन रोड के पास पहुंचे ही थे कि ग्राम जोशीलमती की ओर से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाकर बाईक को ठोकर मार दिया।

**पुलिस ने किया मामला दर्ज**

जिससे धन्नालाल कंवर ट्रैक्टर के पीछे चक्के की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी रूपलाल कंवर 42 वर्ष ने दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## मंगलसूत्र, सोने का खिनवा सहित नगद पार

# खिड़की का दरवाजा तोड़ चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर के खिड़की का दरवाजा तोड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और आभूषण सहित नगदी रकम चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीपुर खड़खड़ी के एक घर में 3 जुलाई की आधी रात अज्ञात चोर घर के पीछे का खिड़की का दरवाजा को तोड़कर भीतर प्रवेश किए और आलमारी में रखे सोने का खिनवा एवं मंगलसूत्र, 20 हजार रुपए नगदी रकम को चोरी कर फरार हो गए। अज्ञात चोरों ने आलमारी का सामान भी अस्त-व्यस्त कर दिया।

घटना की रिपोर्ट प्रार्थी ईश्वरलाल 40 वर्ष ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# मंदिर का ताला तोड़कर चोरी

## आभूषण सहित नगदी रकम ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी रकम एवं आभूषण की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के गोटाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुकादाह में स्थित शीतला मंदिर में गत रात्रि अज्ञात चोरों ने मंदिर के सामने दरवाजे का ताला तोड़कर मंदिर के आलमारी में रखे नगदी रकम 11 हजार रुपए, 3 नग सोने का पत्ती, पायल छोटा 2 नग, बिछिया छोटा 4 नग को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी लक्षनु पोयाम ने दर्ज कराई है।

### बाईक चोरी

इधर छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांचली निवासी संतु वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 3 जुलाई को अपनी बाईक पैशन-प्रो से अपने खेत ग्राम टेकापारकला गया था। बाईक को रिद्धी-सिद्धी राईस मिल के सामने खड़ी कर अपने खेत के बोर को चालू करने के लिए शाम को गया था, जब वापस आया तो बाईक वहां नहीं थी। अज्ञात चोर बाईक चोरी कर लिए। मामला दर्ज कर जांच जारी है।

## जुलाई महीने में महज 32 मिमी ही बारिश, कोटे से 25% पीछे चल रहा आंकड़ा

# मानसून ब्रेक से चढ़ा तापमान, बोनी अटकी, कल से बदलेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जून के अंतिम दिनों में बारिश के बाद एक बार फिर अंचल में मानसून में ब्रेक लग गया है। पिछले कुछ दिनों में उम्मीद अनुसार बारिश देखने को नहीं मिली है। ऐसे में बारिश को इस बार का कोटा भी लक्ष्य से 25 फीसदी तक पीछे चल रहा है। इधर बेहतर बारिश की उम्मीद में बोनी की प्रक्रिया अटक गई है। खरीफ सीजन के लिए धान की खेती करने वाले किसान तैयारी कर बेहतर बारिश के इंतजार में है। हालांकि विभाग के अनुसार कल से बारिश की गतिविधियों में इजाफा होने की संभावना दिखाई दे रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, सीकर, उरई, चर्क, डाल्टनगंज, पुरुलिया, कंटई और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तरप्रदेश के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व उत्तरप्रदेश से पश्चिम असम तक 1.5 किलोमीटर से 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 6 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, वज्रपात होने और अंधड़ चलने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा के क्षेत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में एक-दो स्थानों पर संभव है। प्रदेश में कल के बाद वर्षा की स्थिति में सुधार होने की संभावना है।



### महज 10 फीसदी ही बोनी

जून महीने में भी उम्मीद अनुसार बारिश देखने को नहीं मिली। अंचल में मानसून का कोटा आधा ही पूरा हो पाया था। ऐसे में बोनी की स्थिति नहीं बन पाई और महज 5 से 7 फीसदी किसानों ने ही बोनी की थी। जुलाई के शुरूआती दिनों में बेहतर बारिश होने से इसमें इजाफा की गुंजाईश थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। पिछले पांच दिनों में अंचल में महज 32 मिमी बारिश ही दर्ज की गई है। वहीं शुक्रवार तक जिले में 154 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि इस अवधि में 200 मिमी बारिश होनी थी। ऐसे में मानसून का कोटा 23 फीसद पीछे चल रहा है।

**24 घंटे के भीतर ढाई डिग्री चढ़ा तापमान:** बारिश का दौर थमते ही अधिकतम तापमान में भी वृद्धि देखने को मिली है। पिछले 24 घंटे के भीतन करीबन ढाई डिग्री तापमान चढ़ा है, शुक्रवार को अंचल का अधिकतम पारा 33.5 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं गुरुवार को यह 31 डिग्री पर था। वहीं रात का तापमान यानि न्यूनतम पारा भी 24 डिग्री के पार पहुंच गया है। हालांकि कल से बारिश की गतिविधि तेज होने के बाद अधिकतम पारा 1 से 3 डिग्री तक नीचे आ सकता है।


संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राशय की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- आमाशय एवं अन्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**खुज्जी।** समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव के तत्वावधान में दिव्यांग शिविर का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में रखा गया। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ महाकालकर, बीएल तुलावी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नामदेव, केएस मंडावी, डॉ लांधे एवं डॉ बनर्जी ने दिव्यांगो का परीक्षण किया। शिविर के आयोजन में डॉ मुकेश देवांगन, खुशाल साहू, भानु देवांगन, गंगोत्री जामडे, इंदु रंगारी, डीएन खरे, हिमांचल प्रसाद, प्रशांत कुमार, खिलेश मसिया, अनिता देवांगन आदि ने सहयोग दिया। शिविर में उप संचालक बीएल ठाकुर, बीएमओ रागिनी चन्द्रे शामिल हुई।



### पानी को तरस रहे ग्रामीण

**खुज्जी।** ग्राम पंचायत भटगुना में जल जीवन मिशन के तहत टंकी बनाने के बाद पाईप लाईन विस्तार किया जा चुका है, परन्तु अब तक ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्राम में पानी के लिए बोर खनन किया गया है जिसमें पानी अपर्याप्त है। सरपंच ने स्थिति से प्रशासन को अवगत करा दिया है, लेकिन समाधान की दिशा में अब तक पहल नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने पोल से बिजली कनेक्शन लिया है जिसके तार गोठान के ऊपर गुजरे हैं। जमीन के करीब तार के होने से अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है।

### भवनसिंह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**कल्लूबंजारी।** अखिल भारतीय ध्रुव गोड़ समाज परिक्षेत्र कल्लूबंजारी के पदाधिकारियों का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। कार्यकारिणी में अध्यक्ष भवनसिंह कहकट्टा, उपाध्यक्ष रामकुमार, टुकश्वर पुराम, संरक्षक श्यामलाल मंडावी, जितेन्द्र मंडावी, चोवाराम, महामंत्री जहारी राम उईके, सचिव पुरनलाल मंडावी, सह सचिव अनुपलाल मंडावी, कोषाध्यक्ष श्यामलाल मंडावी, सलाहकार धनसाय कोर्राम, संचालक मुरली, सह संचालक उत्तम नेताम, सिपाही शिशपाल मंडावी एवं बुढ़ादेव मंदिर के पुजारी मांहगूराम अरकरा चुने गए।

### कार्यकारिणी का गठन कल

**कल्लूबंजारी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज की नवीन जिला कार्यकारिणी का चयन 7 जुलाई को रेवाडीह स्थित जिला कंवर धर्मशाला में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में उमेंदीराम गंगराले एवं चयन प्रभारी महेश रावटे होंगे। जिलाध्यक्ष जसवंत घावड़े, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल नेताम, दिनेश कुरेटी, संजय सोरी, युवराज नेताम ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### टप्पा स्कूल में प्रवेश उत्सव

**तुमड़ीबोड़।** हायर सेकेंडरी स्कूल टप्पा में गत दिनों प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य छत्रपाल चंद्रवंशी, सरपंच मीना साहू, संकुल प्राचार्य जेके सिंह, सुखदेव सिन्हा, टुम्मन साहू, चंद्रकला साहू, टुकेश्वर साहू, राजू ढीमर आदि ने बच्चों का स्वागत कर पुस्तक प्रदान किया। इस दौरान कक्षा नवमीं की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। प्राचार्य ने अपने पिता श्री की स्मृति में कक्षा 10वी और 12वी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को जनरल नॉलेज की बुक, पेन प्रदान किया।



### रक्तदान शिविर 21 जुलाई को

**डोंगरगढ़।** क्षेत्रीय युवा सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राजनांदगांव द्वारा प्रस्तावित रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर पंचायत भवन मोहारा में आसपास के जनप्रतिनिधियों और युवाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राजनांदगांव को सहयोग करते हुए शिविर को सफल बनाने पर सहमति बनी। बैठक में दीपक पाटिला, शंकर बघेल, लोकनाथ भारती, सतीश वर्मा, पुसऊ रजक, बाबूलाल भारती, डॉ. कांता वर्मा, तेजलाल वर्मा, दिनेश वर्मा, मनीष, रमेश महिलांगे, संजय कुर्रे, मनहरण लहरे, अभिषेक पाटिला, अमित बंजारे सहित अन्य शामिल हुए।

## लोगों को फरियाद करने जाना पड़ रहा खैरागढ़

# गंडई में चार महीने से एसडीओपी का पद खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




केसीजी जिले की स्थापना के बाद उम्मीद की जा रही थी कि प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति होने से कामकाज में कसावट आने के साथ लोगों को सुविधा मिलेगी किन्तु स्थिति पहले जैसे ही दिखाई दे रही है। विभिन्न विभागों में अधिकारियों कर्मचारियों की कमी बनी हुई है जिसके कारण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सक्षम अधिकारी के नहीं होने के बाद अन्य को प्रभार देकर उनके कंधों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है।

जानकारी के अनुसार फरवरी 2024 तक पदस्थ रहे एसडीओपी प्रशांत खांड़े का ट्रांसफर हो गया।श्री खांड़े का ट्रांसफर हो जाने के बाद गंडई, मोहगाव, साल्हेवारा और बकरकट्टा थाने का प्रभार ख़ैरागढ़ एसडीओपी को दिया गया है। बीते चार माह में नए एसडीओपी की पोस्टिंग नहीं हो पाई है जिसके कारण थाने से संबंधित कार्यो को लेकर लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि थाने की कार्यवाही से संतुष्ठ नहीं होने के बाद लोग अपनी शिकायत आदि को लेकर उच्च अधिकारी के पास जाते है। पुलिस महकमे में टीआई के बाद एसडीओपी होता है जिससे मिलकर लोग अपनी गुहार लगाते हैं। गंडई, मोहगाव, साल्हेवारा और बकरकट्टा थाने का प्रभार ख़ैरागढ़ एसडीओपी के कंधों पर है। क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्या और शिकायत को लेकर ख़ैरागढ़ जाना पड़ रहा है।

### प्रशासन से दूरियां बढ़ी

उल्लेखनीय है कि नक्सल क्षेत्र बकरकट्टा की दूरी गंडई से 70 किमी है। इसी प्रकार गंडई से साल्हेवारा 40 किमी, मोहगाव थाना 25 किमी की दूरी पर है। क्षेत्र के लोगों को गंडई आने में काफी सहूलियत होती है क्योंकि सीधी बस सेवा है। लोग कम समय में गंडई पहुंच जाते है परंतु यहां एसडीओपी के नहीं होने से अब उन्हें ख़ैरागढ़ जाना पड़ रहा है।

# विहिप ने गैंदाटोला में फूंका राहुल का पुतला



■ लोकसभा में हिन्दू विरोधी बयान का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैंदाटोला

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदू विरोधी बयान का विरोध करते हुए भाजपा, विहिप से जुड़े लोगों ने पुतला दहन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी किया गया। इस मौके पर मनीष त्रिपाठी ने संबोधित किया। इस मौके पर आलोक मिश्रा, विहिप के क्षेत्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र देवांगन, बजरंग दल के संयोजक गुलशन साहू, धनेश्वर गुप्ता, पप्पू महाराज, विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, डॉ वसीम राय, सोहन साहू, चित्रांकन साहू, विवेकानंद साहू,लिखो मानिकपुरी, शिवा निषाद, आशीष गुप्ता, चेतन साहू, धनेश्वर निषाद, मिलन यादव, राजू, करण साहू, अखिलेश साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, संजय मानिकपुरी, विकेश निषाद, धनंजय, स्वामी सोनी, अरुण दीवान, खमन पाल, छोटेलाल निषाद, स्वामी देवदास, युगल किशोर, धनंजय सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# बैगा आदिवासियों के बीच पहुंची विधायक



**डोंगरगढ़।** राज्य की सीमा पर बसे कटेमा पहुंचकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने लोगों की समस्याओं से रूबरू हुई। लंबे अरसे के बाद विधायक को अपने बीच पाकर भाव विभोर ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। विधायक ने बैगा आदिवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना और हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर खैरागढ़ जनपद अध्यक्ष लीला प्रकाश मंडावी, देवकांत यदु, कमलेश वर्मा, फुदूक वर्मा, रामवतार, महेंद्र जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

# बदलेगा भूगोल और सियासी गणित

## जनसंख्या के आधार पर वार्डों के नए सिरे से गठन की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर पंचायत के वार्डों का जनसंख्या के हिसाब से परिसीमन करने की कवायद की जा रही है। आदेशानुसार परिसीमन होने के बाद शहर के अधिकांश वार्डों का भूगोल बदलने के साथ राजनीतिक परिदृश्य में भी उलटफेर होने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार पांच साल पहले शासन के निर्देश पर वार्डों की सीमाओं का निर्धारण किया गया था किन्तु जनसंख्या ब्लाक का ध्यान नहीं रखा था जिससे कई ब्लाक एक से अधिक वार्ड में बंट गए है। अब साफ तौर् पर कहा गया है कि जनसंख्या ब्लाक को किसी भी सूरत में विभाजित नहीं होना चहिए। किसी वार्ड में आबादी कम होती है तो निकटवर्ती ब्लाक को शामिल किया जा सकता है।

### शहर के कई वार्डों में विसंगति

जानकारी के अनुसार जनगणना के लिए बनाए गए ब्लाक को कई टुकड़े में तोड़ते हुए वार्ड का गठन कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार जनसंख्या ब्लाक एक में वार्ड एक और दो, ब्लाक 2 में वार्ड दो और चार, ब्लाक तीन में वार्ड एक, 11, 15, ब्लाक चार में वार्ड एक- दो, ब्लाक पांच में वार्ड एक- दो, ब्लाक छः में वार्ड तीन, ब्लाक सात में वार्ड चार और 11, ब्लाक आठ में वार्ड पांच, ब्लाक नौ में वार्ड 5- 6, ब्लाक 10 में वार्ड 11, ब्लाक 11 में वार्ड 10, ब्लाक 12 में वार्ड 10, ब्लाक 12 में वार्ड 9, ब्लाक 14 में वार्ड 7- 9, ब्लाक 15 में वार्ड 7- 8, ब्लाक 16 में वार्ड 6, ब्लाक 17 में वार्ड 7, ब्लाक 18 में वार्ड 3- 5, ब्लाक 19 में वार्ड 10, 11 और 12, ब्लाक 20 में वार्ड 11-12, ब्लाक 21 में वार्ड 12-15, ब्लाक 22 में वार्ड 15, ब्लाक 23 में वार्ड 14, ब्लाक 24 में वार्ड 14, ब्लाक 25 में वार्ड 13, ब्लाक 26 में वार्ड 13, ब्लाक 27 में वार्ड 7- 8 और ब्लाक 28 में वार्ड 8 शामिल है।

### होगा वार्डों का एकीकरण

जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा जनसंख्या ब्लाक के आधार पर वार्ड की सीमा करने का प्रयास किया जा रहा है। राजस्व विभाग और नगर पंचायत की टीम लगातार वार्ड भ्रमण कर भौगोलिक स्थिति का जायजा ले रही है। निर्देशानुसार शहर के 28 जनसंख्या में एकीककरण करते हुए 15 वार्ड तय किए जाएंगे।

# मृत्यु के बाद 25 लाख के क्लेम का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

शिक्षक की मौत के बाद पीड़ित परिवार को एसबीआई लाइफ़ ने क्लेम के रूप में करीब 25 लाख का भुगतान किया है। एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस के एडवाइजर दिगम्बर शांडिल्य ने बताया कि प्राथमिक शाला धानापायली के प्रधानपाठक राजेंद्र कुमार साहू का अप्रैल 2024 में निधन हो गया था। उन्होंने 2019 में एसबीआई लाईफ से लगभग 25 लाख रुपए का टर्म इन्श्योरेन्स पॉलिसी लिया था। वह सालाना प्रीमियम के रूप में 12 हजार करते थे। मृत्यु होने के बाद सभी दस्तावेज जमा करने के कुछ दिनों बाद नामिनी को 24 लाख 87 हजार 848 रुपए का भुगतान किया गया है। गत दिनों राजनांदगांव डिवीजन ब्रांच के डिविजनल मैनेजर धर्मेंद्र तिवारी, डेवलपमेंट मैनेजर गैंद लाल साहू ने हितग्राही के घर जाकर मृत्युदावा राशि का डेमो चेक प्रदान किया।

## गोद भराई की रस्म...



**डोंगरगढ़।** अछोली के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4 में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता बांसोड़, रीता भादुड़ी, सहायिका सुनीता पंद्रे आदि ने गर्भवती माता प्रिया गुप्ता की गोद भराई किया।

## प्रशासन की पहल पर सहयोग करने सामने आए जनप्रतिनिधि और ग्रामीण

# हरियाली के लिए गांवों में सघन पौधरोपण अभियान









हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

ग्राम पंचायत मुरमुंदा से पौधरोपण अभियान का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी उमेश पटेल ने किया। उच्चतर माध्यमिक शाला के मैदान में वृहद पौधरोपण किया गया। इस मौके पर सरपंच खेमचंद सोरी, सचिव नारायण देवांगन, जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू, कार्यक्रम अधिकारी विजयप्रताप सिंह, प्रवीण गढ़पायले, अरुण श्याम, प्राचार्य एके साखरे आदि ने पौधे लगाए। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया।

**अर्जुनी।** कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसडीएम मनोज मरकाम के निर्देशन में ब्लाक में शुरू किए गए हमर हरियर डोंगरगांव अभियान के तहत बुधवार को प्राथमिक शाला सुखरी में भी पौधे लगाए गए। प्रधान पाठक सपना भारद्वाज ने ग्रामीणों और बच्चों को वृक्षों का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाकर संरक्षित करने प्रेरित किया। इस मौके पर शाला परिसर में नीम सहित अन्य प्रजाति के पौधे रोप गए। इस दौरान अनिता साहू, सोना, नूतन निषाद, अंजू साहू, यशोदा, शिक्षिका सरस्वती साहू, गिरिजा साहू, प्रवीण साहू, हुमन, माया गोस्वामी, तिमला साहू, सोमेश और बच्चे मौजूद थे।

**छुरिया।** वन विभाग ने पिनकापार में वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने किया। विशिष्ट अतिथि मणीराम सहारे, सरपंच शांतिदेवी सहारे, गीतालाल यादव थे। स्वागत के बाद वनविभाग के हरेन्द्र ठाकुर एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिल कुमार बंबाडे ने अभियान पर प्रकाश डाला। श्री बम्बाडे ने पौधारोपण के लिए गड्ढा खोदाई, रोपण, पौधों की निंदाई एवं बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर प्रेम लाल साहू, कृष्ण कुमार सोनी, विक्रम ठाकुर, रोशन साहू, घुरऊराम अर्करा, लक्ष्मण चक्रधारी, सोनिया देवी, महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी मरकाम मेडम, श्री सूर्यवंशी, श्री साहू आदि उपस्थित थे।

**डोंगरगढ़।** कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगढ परिसर में बीते बुधवार को पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, एसडीएम उमेश पटेल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान, सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा ने पौधे लगाए। इसी प्रकार उपवनमण्डलाधिकारी एवं वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाब के स्टॉफ ने पूर्व माध्यमिक शाला बछेराभाठा में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पूर्व जनपद अध्यक्ष किरण साहू, अमर साहू, उपसरपंच नरेश वर्मा की उपस्थितिच में पौधरोपण किया।

**तुमड़ीबोड़।** उच्चत्तर माध्यमिक शाला टप्पा परिसर में बुधवार को वन महोत्सव का आयोजन कर पौधारोपण किया गया। शाला परिसर में नीम, बादाम, करंज, गुलमोहर सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर सरपंच मीना साहू, प्राचार्य जेके सिंह, सचिव योगेश साहू, दिनेश सिन्हा, शिक्षक रामेश्वर साहू, हीरालाल साहू, डैनी वर्मा, वीरेंद्र रंगारी, अन्नपूर्णा कोटांग्ले, निशा मिश्रा, स्वालेहा खानम शेख, चंद्रिका भारद्वाज, नम्रता बावनकर, मोनिका नायक, भगवती यारदा, रेखा कड़वे, त्रिभुवन वर्मा, बेनीराम जंघेल उपस्थित थे। संचालन व्याख्याता हेमंत साहू ने किया।


**बांधाबाजार।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला आलकन्हार में त्यौहार मनाते हुए शिक्षक बच्चे, सफाई कर्मी, रसोईया आदि ने जामुन, नींबू, कटहल, मुनगा, अमरूद, नीम, करन आदि के पौधे लगाए। इस दौरान शिक्षक हीरालाल आर्य, रेशकुमार धलेन्द्र, विनोद सिन्हा, प्रधानपाठक भंवरसिंग साहू, छबिलाल कोरेटी, योगेश्वरी भुआर्य, रेशमा, तरुणा, ललेश्वरी, विनीता, त्रिलोकी, पायल, चांदनी, देवकी, रूपचंद, खिलेश, लवेश, माधुरी, डोमेश्वरी, कमलेश, जितेन्द्र, गुलशन, प्रेम, विशाल आदि उपस्थित थे।

### सभी से पौधे लगाने का आह्वान

**अंबागढ़ चौकी।** आबकारी विभाग ने डीईओ दीपा आडिल के निर्देश एवं एरिया इंसपेक्टर शालिनी महतो के मार्गदर्शन में देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान के पास पौधरोपण किया। इस दौरान विभाग ने फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। कार्यक्रम प्रभारी श्री आडिल ने पौधारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। एरिया इंसपेक्टर शालिनी महतो ने वृक्षारोपण के फायदे बताया। मानपुर एरिया इंस्पेक्टर गुलशन साहू ने वृक्षारोपन की जरूरत पर अपनी बात रखा। कार्यक्रम में डीईओ दीपा आडिल, शालिनी महतो, गुलशन साहू, महेन्द्र कोमरे, पूनाराम साहू, सोहन यादव, मुकेश शर्मा, झुमुक लाल गौर, यशकुमार तारम, मोतीराम परतेती, धर्मेन्द्र कुमार, हितेश कुमार, दुर्गेश कुमार, टोमेन्द्र चौधरी, रोशन कलामे, गिर्देश कुमार, दुमेश्वर विश्वकर्मा एवं पुनाराम ठाकुर आदि शामिल हुए।



पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082



## खबर संक्षेप



### भोथीपारकला स्कूल में पौधरोपण

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला कला में 3 जुलाई को शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में यह अभियान चलाया गया। इस अवसर पर डोंगरगढ़ से नोडल अधिकारी सहित प्रधानपाठक गजाधर साहू, शिक्षक ओमप्रकाश साहू, शिक्षिका योगेश्वरी रावटे की उपस्थिति रही। इस बार वृक्षारोपण अभियान का नाम एक पेड़ मां के नाम दिया गया है।

### जल जीवन मिशन की होगी जांच, निर्देश जारी

**खैरागढ़।** जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन तहत जारी कामों में भर्राशाही को लेकर कांग्रेस नेता कपिनाथ महोबिया की शिकायत बाद जॉच होगी। कपिनाथ महोबिया की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के मुख्य अभियंता ने दुर्ग संभाग के अधीक्षण अभियंता को जांच कराने का निर्देश दिया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के मंत्री अरूण साव को मामले में शिकायत करते हुए कपिनाथ महोबिया ने बताया था कि जिले में जल जीवन मिशन योजना में व्यापक तौर पर गड़बड़ी की जा रही है। छुईखदान ब्लाक के कुकरीटोला, भोथली भुजारी, रामपुर, नवांगाव और खैरागढ़ ब्लाक के पांडादाह, सांकरा, बेन्द्रीडीह सहित कई गांवों में योजना के तहत पानी टंकी निर्माण के काम में गुणवत्ता की अनदेखी करने, आधा अधूरा काम करने, पाइपलाइन बिछाने में निम्न स्तर के मटेरियलों का प्रयोग करने, निर्माण के बाद पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो रहा है। इसके अलावा पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढो को नही भरने, कमजोर निर्माण के चलते टंकी लिकेज होने, समय पर निर्माण पूरा नहीं करने, पूरा होने के बाद भी योजना को प्रारंभ नहीं करने की शिकायत साथ कहा कि योजना के क्रियांवयन में निर्माण एजेंसी से सांठगांठ करके विभागीय अधिकारियों ने खुलेआम लापरवाही बरती है जिसके चलते हर घर मे पानी पहुंचाने की नीयत से बनी करोड़ों की योजना को अधिकारियों ने बंदरबांट का अड्डा बना लिया है। कपिनाथ महोबिया की शिकायत पर प्रदेश सरकार ने विभागीय अधिकारियों को पूरे मामले की जांच का आदेश जारी किया है जिसके बाद विभाग के मुख्य अभियंता ने दुर्ग अधीक्षण अभियंता को शिकायत आधार पर जांच करने कहा है।

### गरीबों के आशियाने पर बुलडोजर चलाने वाला नपा मेहरबान

# पंजीकृत जगह से ज्यादा सरकारी जमीन पर निर्माण कर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने शहरी क्षेत्र में 2017 से पहले सरकारी जमीन में अतिक्रमण करने वालों को व्यवस्थापन की सौगात दी जिसका शहर के अलग-अलग वार्डों में दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने लाभ उठाया और सरकारी जमीन का रजिस्ट्री कराकर स्वामित्व पाया, लेकिन रजिस्ट्री वाली निर्धारित जमीन से ज्यादा में निर्माण की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने मौका निरीक्षण कर प्रतिवेदन में स्पष्ट तौर से कहा कि अस्पताल चौक में पंजीकृत जमीन से दुगुने तिगुने जमीन पर आठ हितग्राहियों द्वारा निर्माण कराया जा रहा है।

नजूल अधिकारी व एसडीएम के आदेश पर नपा ने सभी को आचार संहिता लगने से पहले नोटिस जारी कर फौरन काम बंद करने कहा उस समय ज्यादातर का काम प्लिंथ लेबल तक ही हो पाया था। चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता का अवैध निर्माणकर्ताओं ने भरपूर लाभ उठाया और अब निर्माण का काम प्लिंथ से लेंटर लेबल तक हो गया और कई ने तो दुकानदारी भी चालू कर दी। इसकी जानकारी विभाग को है, लेकिन कहते है ना गरीब के लिये अलग और रसूखदार के लिये कानून की परिभाषा बदल जाती है यही इस पूरे प्रकरण में हुआ। ठोस कारवाई करने की जगह नपा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करने तक सीमित है।



### आठ ने किया है ज्यादा जगह पर निर्माण

प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र मे 2017 से पहले सरकारी जमीन पर मकान दुकान बनाकर निवासरत लोगों को राहत देने योजना शरू की थी जिसका शहर के अलग-अलग वार्डों में दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने लाभ लिया है और योजना तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्हें अतिक्रमित जमीन का मालिकाना दिया गया। सर्वे और रजिस्ट्री के दौरान कच्चा अतिक्रमण करने वाले कुछ लोगों ने रजिस्ट्री बाद कच्चे को पक्के में तब्दील करते हुए काम शुरू कराया तो निर्धारित पंजीकृत जमीन से ज्यादा जमीन पर निर्माण की शिकायत पर सभी लाभांवित लोगों की जमीन का टीम गठित कर नए सिरे से सर्वे कराने पर पता चला की आठ लोगों ने अपने कच्चे मकान दुकान की रजिस्ट्री वाली जगह से ज्यादा में निर्माण कराया है। नजूल अधिकारी टकेंश्वर प्रसाद साहू ने मामले में अतिरिक्त अतिक्रमण को तत्काल हटाने नपा को निर्देशित किया, लेकिन नपा अतिक्रमणकारियों पर इस कदर मेहरबान है कि लगातार शिकायत और अधिकारियों के निर्देश के बावजूद काम बदस्तूर जारी है।

### सारे दस्तावेज होने के बाद बच रहा नपा कार्रवाई से

योजना का लाभ लेने पचास से ज्यादा लोगों ने आवेदन दिया था जिसमें पटवारी प्रतिवेदन, राजस्व निरीक्षक द्वारा मौका निरीक्षण सहित तहसीलदार, एसडीएम द्वारा भी बारीकी से जांच कर प्रकरण बनाया गया जिसके बाद विभिन्न विभागों और नगर निवेश से अनापत्ति प्रमाण पत्र बाद कलेक्टर के आदेश पर अतिक्रमित सरकारी जमीन का रजिस्ट्री कराकर स्वामित्व दिया गया, लेकिन निरीक्षण और रजिस्ट्री के दौरान कम जमीन दिखाने और निर्धारित पंजीकृत जमीन से ज्यादा जमीन पर मकान दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। मामले में शिकायत बाद आठ अतिक्रमणकारियों का काम बंद कराने जिला प्रशासन ने नपा को निर्देश जारी कर कड़ी कारवाई करने कहा। कुछ दिन डर के कारण अतिक्रमणकारियों ने काम बंद कर दिया, लेकिन फिर काम चालू हो गया इस दौरान नपा उन्हें नोटिस पर नोटिस थमाता गया, लेकिन तब तक दो से तीन मंजिला दुकान बन गया। कई ने तो दुकान किराए में भी दे दिया। इन सब की जानकारी होने के बाद भी नपा हाथ में हाथ धरे बैठा हुआ है और अब उनका जवाब है कि राजस्व विभाग चिन्हांकित करें कि अतिक्रमणकारियों ने किस दिशा में कितनी जगह पर अतिक्रमण किया है तब कारवाई करेंगे। नपा का यह जवाब काफी हास्यास्पद है क्योंकि शहरी क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री पंजीयक कार्यालय में, प्रमाणीकरण बाद राजस्व रिकार्ड में नाम चढ़ाने का काम तहसीलदार ऑफिस में होता है और उसके बाद नपा में निर्माण संबंधी एनओसी लेने के लिये जमीन का नक्शा, बी वन, रजिस्ट्री और प्रमाणीकरण की प्रतिलिपि साथ अधिकृत अभियंता द्वारा तैयार निर्माण का ब्लू प्रिंट जमा कराया जाता है जिसके अवलोकन बाद दो से तीन प्रकार का शुल्क जमा करने के बाद नपा एनओसी जारी करता है इस हिसाब से देखें तो अतिक्रमणकारियों के जमीन के अलावा निर्माण संबंधी सारी जानकारी नपा के पास मौजूद है लेकिन नपा अधिनियम की धाराओं के तहत कारवाई करने की बजाय अधिकारी मामले में राजस्व विभाग को पत्र लिखकर जानकारी मांगने की बात कह रहे है। वही यह भी पता चला है कि नपा के कतिपय अधिकारियों व कर्मचारियों ने निर्माण अनुज्ञा से विपरीत काम करने वालो से सेटिंग कर ली है जिसके चलते जिला प्रशासन के निर्देश के बावजूद नए नए नियम कानून का हवाला देकर ठोस कारवाई करने से हिचक रहे है।

# पहुंच रही खाद की रेक अब नहीं होगी किल्लत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून के सक्रिय होते ही खेती-किसानी के कार्य में तेजी आनी शुरू हो गई है। जिसके साथ ही रासायनिक खाद की मांग बढ़ने लगी है। समितियों में खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर ट्रेन के माध्यम से खाद की आवक राजनांदगांव सहित सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत आने वाले चार जिलों के लिए हो रही है।

खेती-किसानी के कार्य में तेजी आने के साथ ही खाद की मांग भी बढ़ने लगेगी। जिले में जितने खाद का भंडारण किया गया था, लगभग उतने खाद का उठाव भी किसानों ने कर लिया है। ऐसे में अब खेती-किसानी के कार्य में तेजी से खाद की मांग पर भी इजाफा होगा। जिसके लिए समितियों में खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के लिए जिला केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा कार्य किया जा रहा है और ट्रेन के माध्यम से प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना के तहत भारत यूरिया की रेक राजनांदगांव पहुंच रही है।

### लक्ष्य का 85 प्रतिशत भंडारण

खाद के भंडारण को लेकर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा का कहना है कि खाद भंडार और वितरण को लेकर हमने सहकारी बैंक के अधीन चार जिलों की समीक्षा की है। जिसमें लक्ष्य से 85 प्रतिशत प्रतिशत खाद का भंडारण हो चुका है। उन्होंने बताया कि समितियों में खाद की उपलब्धता मार्फेड के डबल लॉक सेंटर में उपलब्धता के आधार पर ही होती है, तभी समितियों में खाद उपलब्ध हो पाता है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किसानों की मांग के अनुरूप खाद का भंडारण और वितरण किया जा रहा है।

### डीएपी खाद की कमी एनपीके से हो रही पूर्ति

खाद के भंडारण को लेकर राजनांदगांव केंद्रीय जिला सहकारी बैंक को एक लाख 35 हजार 940 मीट्रिक टन खाद का लक्ष्य मिला है। जिसमें से एक लाख 15 हजार 680 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया जा चुका है। वहीं एक लाख 449 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किसानों को कर दिया गया है। समितियों में डीएपी खाद की कमी देखी जा रही है। जिसकी पूर्ति के लिए एनपीके खाद का भंडारण समितियों में कराया जा रहा है।

### पौधारोपण के साथ सुरक्षा का संकल्प




**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा 100 फलदार एवं औषधि पौधों का रोपण ग्राम खैरा बटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शासकीय प्राथमिक शाला बटगांव, पशु आश्रय स्थल बटगांव में किया गया। साथ ही पौधों की आजीवन सुरक्षा का भी संकल्प लिया। शाला प्राचार्य शैलजा नायर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पौधरोपण में हिस्सा लिया। प्राचार्य शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, अमित उत्तलवार, तरनजीत सिंह टूटेजा, वाणी मुदिराज, आशीष सोनवानी, आरती तिवारी ने पौधरोपण किया। इस कार्य के लिए बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी उषा झा ने दी।

### एसबीआई ने बरगाही में किया गया पौधारोपण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर बैंकर्स द्वारा जिले में पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस पर भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बरगाही में पौधरोपण किया गया। सभी ने पौधरोपण कर पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक वरूण शुक्ला, सहायक संचालक शिक्षा संगीता राव, शाखा प्रमुख वजीर कुरैशी, उप सरपंच मनीष साहू सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



### चिकित्सा महाविद्यालय में पौधरोपण-रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में चिकित्सक दिवस के अवसर पर पौधरोपण, रक्तदान शिविर एवं सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सक दिवस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में चिकित्सकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण किया गया और पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। महाविद्यालय के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सक डॉ. अजय कोसम, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष शिशुरोग डॉ. राघव अग्रवाल, सह-प्राध्यापक दंतरोग डॉ. अनिरूद्ध गांधी, सीनियर रेसीडेंट दंतरोग, डॉ. जलज गौतम, जूनियर रेसीडेंट पैथालॉजी डॉ. विकास गायकवाड, जूनियर रेसीडेंट डॉ. निहाल सहित 51 चिकित्सकों व मेडिकल चिकित्सक छात्रों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मेडिकल नैतिकता विषय पर सीएमई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना द्वारा व्याख्यान दिया गया। चिकित्सा अधिकारी टीबी एंड चेस्ट डॉ. पवन जेठानी द्वारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. रेणुका गहिने एवं डॉ. प्रदीप बेक, डॉ. प्रतिमा कुजूर, डॉ. दिव्या साहू, डॉ. सुनिता मेश्राम, डॉ. एबी चौधरी, डॉ. चंद्रशेखर इंदौरिया, डॉ. स्मृति बन्धु, डॉ. सुरेंदर कौर, डॉ. ताबिस एसएम अहमद, डॉ. आराधना टोप्पो, डॉ. प्रकाश खुंटे, डॉ. सुभाष रावटे, डॉ. यामिनी रावटे, डॉ. पवन जेठानी सहित अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अपने लक्ष्य को रास्ते में ना छोड़े : रोमिल

## युगांतर में 28वें स्थापना दिवस का शानदार आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल का 28वां स्थापना दिवस विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी डॉ. रोमिल जैन एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी (गेस्ट्रोसर्जरी) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि विद्यालय का फाउंडेशन-डे हमें नित नई ऊर्जा प्रदान करता है। शिक्षा के क्षेत्र में काफी परिवर्तन आए हैं। उन चुनौतियों को स्वीकार करते विद्यार्थीगण अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहे। उन्होंने युगांतर के पूर्व निदेशक स्व. गौतम भंसाली, स्व. संजय गुप्ता और स्व. एनएल गंडेचा की कर्मठता और कार्य कुशलता को भी याद किया। इसी कड़ी में विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों का सम्मान भी हुआ। जिसमें टीचिंग स्टाफ से सेजल शर्मा, ज्ञानेश पटेल, नवनीत द्विवेदी तथा नान टीचिंग स्टाफ से नूपेन्द्र देवांगन (एकाउंट डिपार्टमेंट), समारू तथा विश्वजीत सहारे (मेस डिपार्टमेंट) प्रमुख रहे।

विद्यालय के प्राचार्य मधु पी. चौधरी ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि युगांतर के प्रगति से परिपूर्ण 28 वर्ष प्रबंध समिति की अथक मेहनत का सुफल है। आज युगांतर के विद्यार्थी सीए, इंजीनियर, डॉक्टर आदि के रूप में कार्य कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। डॉ. रोमिल जैन ने युगांतर में बिताए विद्यार्थी जीवन को याद किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक-शिक्षिकाओं के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हमें युगांतर ने यह सिखाया कि लक्ष्य निर्धारित कर सदैव आगे बढ़ते रहो। लक्ष्य को कभी भी रास्ते में न छोड़े। समारोह की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका अभिवादन किया।




### शिक्षकों का रहा योगदान

समारोह में विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, पारस अग्रवाल, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। समारोह का संचालन अंग्रेजी शिक्षिका दीपांक्षा शर्मा और सामाजिक विज्ञान शिक्षिका तनुश्री मुखर्जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापित करते दीपांक्षा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत, नृत्य, कला, खेल विभाग के शिक्षकों के साथ-साथ कक्षा शिक्षक और विषय शिक्षकों का भी अमूल्य योगदान रहा। समारोह की समाप्ति राष्ट्रगान से हुई।

### सामुहिक नृत्य ने मोहा मन

विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य गढ़ने का काम शिक्षक ही करते हैं। जैसे हीरे को तराशा जाता है, वैसे ही प्रतिभाओं को तराशने का काम युगांतर कर रहा है। विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य और गीत को प्रभावकारी ढंग से प्रस्तुत किया। राजस्थानी लोकनृत्य में विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य कला का जौहर दिखाया। विद्यार्थियों ने कला जगत की उथल-पुथल तथा इसमें नृत्य कलाकार की असफलता को हॉरर शैली में प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। समारोह के अंत में केक कटिंग सेरेमनी के समय युगांतर का आव्हान गीत ये वक्त कह रहा है, खूबसूरती से गाया गया।

### पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को विस्तार से बताया

# लागू हुए तीन नए कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हाल ही में देश में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारी कौन सा कानून चलेगा, किस कानून की जगह और नए कानून संसद से कब पारित हुए जैसे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बदल गई देश की आपराधिक न्याय व्यवस्था थीम के साथ पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा छात्रों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हुए से संबंधित जानकारी दी। जिसमें कहा कि 12 दिसंबर 2023 को तीन कानूनों में बदलाव के बिल संसद में पेश। 21 दिसंबर 2023 संसद से तीनों विधेयक पारित, 25 दिसंबर 2023 राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी और 24 फरवरी 2024 केंद्र ने कानून लागू करने की तारीख घोषित किया और 1 जुलाई 2024 तीन नए आपराधिक कानून देशभर में लागू हो गया है।



प्रो. मानिकपुरी ने बताया कि इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गया है और नए कानून के उद्देश्य सरकार ने सदन में कहा था कि समाप्त होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेजी शासन को मजबूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे और उनका उद्देश्य दंड देने का था न्याय नहीं।

तीन नए कानून की आत्मा है। भारतीय नागरिकों को संविधान द्वारा दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा की जाए, इसका उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि न्याय देना है। जैसे महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया। प्रस्तुतिकरण के बाद विद्यार्थियों के जिज्ञासा प्रश्नोत्तरी, उनके जिज्ञासा को शांत किया गया।

### बाल अपराध जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने नए आपराधिक कानून से संबंधित विशेषताओं जैसे उद्देश्यों के संबंध में चर्चा की है। जिसमें नए अपराध, आतंकवाद, मॉब लिंचिंग, संगठित अपराध, महिला, बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराध, फेक न्यूज, राजद्रोह को नए नाम देशद्रोह के साथ पेश किया गया। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान, बाल अपराध जैसे गंभीर मुद्दों के बारे में चर्चा किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने सभी को नए कानून को समझने, जानने और पढ़ने की सलाह देते इस नए कानून के माध्यम से समाज में होने वाले परिवर्तन को प्रभावित बताया। आयोजन में प्राध्यापक प्रीति इंदौरकर एवं राधेलाल देवांगन सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# बघेरा में मना शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम बघेरा के प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकंडरी स्कूल ने संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, विशेष अतिथि घुमका भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, बघेरा सरपंच हरीश देशमुख, दुर्जनलाल देवांगन, अनिल मंडावी समेत भारती आहूजा, भगतसिंह ठाकुर समेत अन्य लोग शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक, गुलाल एवं मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। कक्षा 9वीं के नवप्रवेशी छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।

### स्मार्ट टीवी किया प्रदान

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में युवा अनस्टॉपेबल की ओर से स्मार्ट टीवी 65 इंच प्रदान किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेश श्यामकर एवं भारती आहूजा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस दौरान हिमांशु साहू उपस्थित रहे। इस दौरान अवतार साहनी की ओर से प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन के लिए 400 थालियां प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन ज्ञानेश्वर नेताम एवं मंच संचालन मधुलिका विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य वायलेट सेमुअल, गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, प्रधानपाठक तुकादास मांडले, प्रधानपाठक अलेन वर्मा समेत शिक्षकगण व पालकगण शामिल थे।

# नक्सल पीड़ित परिवारों को मिल रहा सिर्फ दो हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नक्सल हिंसा के शिकार हो रहे परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय होते जा रही है। यही नहीं नक्सल पीड़ितों के नाम पर शासन की नीतियों का मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में मजाक भी उड़ाया जा रहा है। विगत 4 सालों से दो हजार वेतन में जहां परिवार चलाना तो दूर एक व्यक्ति का जीवन चलाना भी दूभर है। इस बीच जीवनदीप समिति की कंगाली के कारण चतुर्थ श्रेणी पद पर लिए गए नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को पगार के लाले पड़ गए हैं।

विगत चार सालों से कलेक्टर दर पर नियुक्ति दिए गए नक्सल पीड़ितों को दो हजार महीना वेतन भुगतान किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी ने कर्मचारियों को पत्र लिखकर समिति के वित्तीय संकट को सामने रख दिया है। साथ ही यह कहा है कि उन्हें दो हजार महीना के हिसाब से ही वेतन भुगतान किया जा रहा है। 2000 से अधिक का भुगतान किया जाना स्वास्थ्य विभाग के लिए संभव नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में संचालित जीवनदीप समिति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित उन सभी की नियुक्तियां कलेक्टर दर पर वर्ष 2021 में दिया गया है। इधर विगत 4 सालों से संबंधितों को सिर्फ 2000 हजार के हिसाब से वेतन दिया जा रहा है। इस संबंध में ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी मानपुर ने बताया कि जीवनदीप समिति में वित्तीय संकट बने रहने के कारण उन्हें प्रत्येक माह 2000 का भुगतान किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी के पत्र में पीड़ितों को स्पष्ट कर दिया गया है कि जीवनदीप समिति में वित्तीय संकट को देखते आप सभी को कलेक्टर दर से प्रतिमाह वेतन भुगतान किया जाना संभव नहीं है।

### स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्ति

नक्सल पीड़ित सदस्य रंजीता घावडे, सनारों दुग्गा, रामसो आचला और रामबाई मंडावी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में शासन के नियमानुसार नक्सल पीड़ित के रूप में शासकीय नियुक्ति दी गई है। जिसमें तय किया गया है कि इन्हें वेतन कलेक्टर दर पर दिया जाए, परंतु स्वास्थ्य विभाग के पास इन्हें वेतन देने के लिए फंड नहीं है।

### सालों से एक ही राशि

घर के मुखिया को नक्सली मार दिए। इधर पीड़ितों को सिस्टम मार रहा है। स्वास्थ्य विभाग मानपुर में नक्सल पीड़ित के नाम पर दिए गए नियुक्तियों को कलेक्टर दर पर वेतन नहीं मिल रहा है। दो हजार महीना पाकर पीड़ित अपने अधिकार के लिए वह सारे दहलीजों में दस्तक दे चुके हैं, जहां उनका कोई सुनने वाला नहीं है।

### आर्थिक स्थिति दयनीय

शासन द्वारा घोषित नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए बनाए गए नीति-नियमों का माखौल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले मे उड़ाया जा रहा है। 2000 के मासिक पगार में परिवार तो दूर एक व्यक्ति का गुजारा भी होना संभव नहीं है। इसके बावजूद चतुर्थ श्रेणी पद पर सेवारत इन नक्सल पीड़ित परिवारों की महिलाओं को महज दो हजार का वेतन देकर उनका मजाक उड़ाया जा रहा है। जबकि उनकी मांग है कि उन्हें कलेक्टर दर पर वेतन दिया जाए।

## पुलिस कार्रवाई से हड़कंप

# वाहनों का जांच अभियान, पुलिस ने की 86 मामलों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में पांच प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। वहीं कुल 86 प्रकरणों में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया था कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर दुपहिया और चार पहिया वाहन की चेकिंग कर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए रखें। अवैध शराब या अन्य मादक पदार्थों एवं संदिग्ध सामग्रियों पर रोक लगाने हेतु वाहनों की चेकिंग करने तथा कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।



### रात में किया पुलिस ने संदिग्ध वाहनों की जांच

जिसके तहत जिले के समस्त थाना व चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा 4 मई को रात्रि 8 से 12 बजे तक एमसीपी लगाकर आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले के विरूद्ध 5 प्रकरण में कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 86 प्रकरण दर्ज कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कुल 84300 रुपए जुर्माना की कार्रवाई की गई। साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

# आबकारी अमले की ढाबा में दबिश शराब बरामद



**राजनांदगांव।** ढाबों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने की मिल रही लगातार शिकायतों के मद्देनजर आबकारी अमले ने सड़क चिरचारी स्थित एक ढाबा में दबिश देकर बड़ी मात्रा में शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार आबकारी वृत चिचोला के आबकारी अमले ने 4 जुलाई को शेरा ढाबा सड़क चिरचारी में दबिश देकर देशी दारू संतरी नंबर 1 महाराष्ट्र निर्मित 46 नग, गोवा व्हीस्की मध्यप्रदेश निर्मित 13 पौवा, रायल स्टेज व्हीस्की 4 पौवा, मैकडावल नंबर 1 व्हीस्की 2 नग, बलेंडर प्राईड व्हीस्की 1 बोतल एवं एक कार बरामद कर ओरोपी गजेन्द्र प्रसाद मौर्या के खिलाफ कार्रवाई की है।

# अनिशा ने की सीएम से भेंट

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनिशा साहू ने छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी के साथ मुख्यमंत्री निवास रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर अपने अनुभव साझा किए। अनिशा अभी हाल ही में भारतीय जूनियर महिला टीम का प्रतिनिधित्व कर लौटी है। टीम ने पिछले महीने 17 मई से 1 जुलाई तक बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा किया था। अनिशा ने उक्त दौरे में अपना उत्तकृष्ट प्रदर्शन किया और टीम को सफलता दिलाई। मुख्यमंत्री साय ने अनिशा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई देते हर संभव सहयोग का वादा किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद देवशरण सेन, पार्षद राजेश यादव, पूर्व पार्षद शेखर यादव, मुकेश ध्रुव, उज्जवल कसेर आदि उपस्थित थे।



# आयोग अध्यक्ष ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा राजनांदगांव कलेक्टोरेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने महिलाओं की समस्याएं सुनी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा राजनांदगांव में 26 प्राप्त आवेदनों की सुनवाई के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

कलेक्टोरेट कार्यालय में महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने महिलाओं की समस्याएं सुनी और दोनों पक्षों को समझाईश दी।

जनसुनवाई को लेकर महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि आज महिला आयोग की 256वीं जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। एक प्रकरण का जिक्र करते उन्होंने बताया कि एक बेटी द्वारा माता-पिता की संपत्ति बंटवारे की मांग की गई थी। बुजुर्ग माता-पिता के पास एक-डेढ़ एकड़ जमीन है और उसके दो बेटे भी उनसे अलग रहते हैं। ऐसे में उनकी बेटी को समझाईश दी गई है कि पुश्तैनी संपत्ति पर माता-पिता के जीवित रहते अधिकार नहीं है। बंटवारा कर माता-पिता को बेदखल नहीं किया जा सकता है। वहीं उन्होंने नए कानून को लेकर कहा कि नए कानून को अभी समझने में वक्त लगेगा।

### जांच के लिए टीम का गठन

महिला आयोग द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक मामला आया। जिसमें शिकायतकर्ता ने ठेकेदार द्वारा 1200 स्क्वायर फीट में निर्माण कार्य का एग्रीमेंट करने के बाद 6 लाख रुपए लेने पर भी पूरा निर्माण कार्य नहीं किए जाने की शिकायत की थी, जिस पर दोनों पक्षों के सुनवाई में पाया गया कि शिकायतकर्ता ने वहां पर लगभग 2300 स्क्वायर फीट में मकान का कंस्ट्रक्शन कर लिया है और लागत बढ़ने पर ठेकेदार को पैसा नहीं दिया जा रहा है। इस मामले में आयोग द्वारा टीम का गठन किया गया है। जिसमें इंजीनियर मौका जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं जनसुनवाई के दौरान अपने घर-परिवार से जुड़ी समस्याओं को रखा है और न्याय देने की मांग की है।

## सार समाचार

### 7 को श्री मिथिलाधाम गणेश मंदिर का स्थापना दिवस

**राजनांदगांव।** श्री मिथिलाधाम गणेश मंदिर की 36 वीं स्थापना दिवस 7 जुलाई को पूज्य मोनी बाबा के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। ज्ञात हो कि श्रीगणेश मंदिर मिथिलाधाम में समय-समय पर यज्ञ अनुष्ठान किया जाता है एवं विशिष्ट पूजा के लिए प्रसिद्ध है। श्री गणेश मंदिर में स्थापना दिवस पर अखंड रामायण श्रीराम नाम संकीर्तन एवं श्रीगणेश का पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर भोजन भंडारा प्रसादी का भी आयोजन है। हनुमान चालीसा का पाठ अनवरत चल रहा है। राजनांदगांव के समस्त धर्मप्रेमी जनता से आग्रह है कि मंदिर के कार्यक्रमों में भागीदार बनकर पुण्य के भागी बने एवं मोनी बाबा के भंडारा में प्रसाद ग्रहण करें। कार्यक्रम के लिए पूज्य गुरूदेव श्री मौनी बाबा ब्रम्हचारी महाराज का आगमन राजनांदगांव मिथिलाधाम मंदिर प्रांगण में हो गया है।

### मासिक समीक्षा बैठक 10 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 10 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजस्व अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### मोखला में जनभागीदारी से वृहद वृक्षारोपण




**राजनांदगांव।** सनातन धर्म सेवा परिवार प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जन में जागृति व प्रकृति प्रेम, पर्यावरण प्रहरी बनकर पर्यावरण को बचाना है। सनातन धर्म सेवा परिवार एवं पर्यावरण संरक्षण महिला इकाई द्वारा ग्राम मोखला में स्कूली बच्चों एवं ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से वृहद वृक्षारोपण अभियान में वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर मौसमी शर्मा, ममता शर्मा, मीना पांडे, अर्चना अग्रवाल, मंजूलता जोशी, दीपा गुरु एवं उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधों का संरक्षण कर वृक्ष बनाने का संकल्प लिया।

# रास्ते में गिरे बैग सहित रकम को खोज पुलिस ने प्रार्थी को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बैंक से पैसा निकालकर अपने दुकान जा रहे प्रार्थी का रास्ते में रकम कहीं गिर गया था। जिसकी सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर राशि को खोजकर प्रार्थी को सौंपा। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 जुलाई को मोहम्मद नूर आलम पिता अहमद अली 55 वर्ष साकिन दुर्गा चौक लखोली ने थाना में सूचना दिया कि कल 4 जुलाई को शाम करीब 4 बजे आईसीआईसीआई बैंक से नगदी रकम एक लाख 10 हजार रुपए निकालकर काले रंग के थैला में डालकर अपनी मोटर साइकिल की डिक्की में रखकर गंज चौक स्थित अपने दुकान जा रहा था। रास्ते में पूजा मोबाईल के पास उक्त रकम थैला सहित गिर जाने व ढूंढने पर नहीं मिलना बताया।



### गुम थैला रकम सहित पुलिस ने लौटाया

सूचना पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में तत्काल स्टॉफ रवाना कर पूजा मोबाईल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को देखने पर गुपचुप ठेला वाले नेतराम सोनकर पिता नकुल सोनकर 35 वर्ष निवासी सोनकरपारा को उक्त थैला को उठाते दिखाई देने पर नेतराम सोनकर से संपर्क कर पूछताछ करने पर रकम को रास्ते से उठाना बताया एवं उक्त थैला को रकम सहित थाना में लाकर आवेदक मोहम्मद नूर आलम को सौंपा गया। आवेदक को उसका गुम थैला रकम सहित कोतवाली पुलिस के सहयोग से मिल जाने पर थाना कोतवाली राजनांदगांव की प्रशंसा कर धन्यवाद दिया गया।

# महालक्ष्मी अर्चन कुंडली शिविर 6 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाल रत्न मंच सेवा समिति के उपाध्यक्ष संदेश जैन एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि शहर में पहली बार दो दिवसीय निःशुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

संयोजक राहुल अग्रवाल आयोजन व अध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा के नेतृत्व में दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन कुंडली विश्लेषण शिविर ज्योतिषाचार्य पं. विनोद कुमार दुबे का आयोजन 6 एवं 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से अग्रसेन भवन भरकापारा में बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा आयोजित है। आयोजन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश एवं अन्य राज्यों के भक्त भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रितेश यादव एवं सचिव खंडेलवाल ने दी।

# वर्तमान परिदृश्य में पौधारोपण आवश्यक

- मुदलियार कॉलोनी में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मुदलियार कॉलोनी में वार्डवासियों द्वारा वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव शामिल हुए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मुदलियार कॉलोनी के नवनिर्मित उद्यान में प्रातःकाल किया गया। जिसमें वार्डवासियों सहित नौनिहालों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वृक्षारोपण का आयोजन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ता संतोष मेश्राम एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी मंयक मेश्राम की अगुवाई में गणमान्य नागरिकगण मनोज सिन्हा, अमन यादव, अनिल शर्मा, ईश्वरलाल राठौर, तारम सिंह ठाकुर, अभिलेख मिश्रा, केएल साहू, महिला मोर्चा के सदस्यगण सहित अन्य वार्डवासियों की उपस्थिति में किया गया।

पूर्व सांसद श्री यादव ने नीम के पौधे का रोपण कर वृक्षारोपण का शुभारंभ किया। तत्पश्चात वार्डवासियों द्वारा भी कई पौधों का रोपण उद्यान में किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री यादव ने वृक्षारोपण के लाभों का वर्णन करते इसे ग्लोबल वार्मिन्ग से बचने, भूमि का भू-जल स्तर बनाए रखने और गर्मी से राहत के लिए वर्तमान परिदृश्य में अति आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और पौधों की देखरेख करने की भी नागरिकों से अपील की। वार्डवासियों द्वारा वृक्षारोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराने पर पूर्व सांसद श्री का आभार प्रदर्शित किया गया।



# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 8 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश के चुनाव के लिए आगामी 8 जुलाई को बैठक का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे ने बताया कि चुनाव के लिए पूर्व में जारी निर्देश में संशोधन किया गया है। प्रत्येक सदस्य को मतदाता बनने 200 रुपए देना नहीं है। सभी आजीवन सदस्य प्रांताध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदाता होंगे, सिर्फ जिला-तहसील एवं नगर संगठन सहयोग राशि जमा करेंगे।




## 7 को शहर में निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

# भव्य रूप से तैयार हो रहा भगवान जगन्नाथ का रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। शहर के गांधी चौक स्थित मंदिर एवं प्रभात नगर में इन दिनों भव्य रथ का निर्माण किए जाने की तैयारी तेजी से शुरू कर दी गई है। एक-दो दिन में रथ पूर्ण हो जाने की संभावना है।

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा 7 जुलाई को शहर में भव्य रूप से निकलेगी। इससे पूर्व 22 जून ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ को देव स्नान कराया गया। ऐसी मान्यताएं है कि देव स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र बीमार पड़ जाते हैं और विश्राम करते हैं। जिसके कारण मंदिर के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। इस दौरान भगवान का औषधियुक्त काढा इत्यादी अर्पित कर उपचार किया जा रहा है। उनके स्वस्थ होने के बाद 7 जुलाई को मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी।

### जगन्नाथपुरी के तर्ज पर निकलेगी रथयात्रा

शहर के प्रभातनगर क्षेत्र से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर श्रद्धालु व्यापक तैयारी में जुटे हुए हैं। इस वर्ष जगन्नाथपुरी की तर्ज पर यह यात्रा निकाली जा रही है। राजनांदगांव शहर के प्रभात नगर लालबाग से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा भक्ति के साथ निकाली जाएगी। इस रथयात्रा की तैयारी को अंतिम रूप देने कारीगरों के साथ श्रद्धालु जुटे हुए हैं। यात्रा को लेकर मंदिर समिति के सुनील कुमार पांडिया ने बताया कि 7 जुलाई को महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा का भव्य आयोजन श्री जगन्नाथ समिति प्रभातनगर द्वारा किया जा रहा है। जिसमें इस वर्ष उड़ीसा के पूरी की तर्ज पर पारंपरिक रूप से उड़िया मां मैलोडी नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा। रथयात्रा की शुरूआत आगामी रविवार सुबह 8 बजे हवन-पूजन के पश्चात होगी। वहीं दोपहर 12 से भगवान जगन्नाथ की आरती पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ प्रभातनगर लालबाग स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकलेगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरेगी। इस दौरान जगह-जगह रथयात्रा पर पुष्प वर्षा की जाएगी। रथयात्रा में महिलाएं साड़ी और पुरूष कुर्ता-पैजामा वस्त्र पहने शामिल होंगे।



### शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी रथयात्रा

इधर समीप रथयात्रा पर्व को देखते हुए भगवान जगन्नाथ मंदिर समितियों द्वारा भव्य रथ तैयार सप्ताहभर पूर्व से शुरू कर दिया गया है। एक-दो दिनों में रथ पूर्ण रूप से तैयार हो जाने की संभावना है। ज्ञात हो कि शहर में गांधी चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर एवं प्रभात नगर जगनाथ मंदिर से अलग-अलग रथयात्रा निकाली जाती है, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरती है। वहीं बड़ी संख्या में भक्त भगवान जगन्नाथ के रथ को अपने हाथों से खींचकर पुण्य लाभ कमाने के लिए उत्सुक रहते हैं। बाजे-गाजे के साथ निकली रथयात्रा का रास्ते में भक्त पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करते हैं।

## खबर संक्षेप



### स्वामी निश्चलानंद का मनाया गया प्रकाटोत्सव

**कवर्धा।** गत 4 जुलाई को श्री गोवर्धन मठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का 82 वां प्राकट्य महोत्सव पूरे देश में राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया गया। कवर्धा आदित्य वाहिनी द्वारा अनंतश्री विभूषित गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामीनिश्चलानंद सरस्वती महाभाग का 82वां प्राकट्य महोत्सव 4 जुलाई 2024 को शाम 4.00 बजे वृद्धाश्रम मजगांव में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर बुजुर्गों को प्रसाद वितरित किया जाएगा और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, श्री राम नाम संकीर्तन, हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी और भजन गायन के साथ उत्सव मनाया जाएगा।

### अपर कलेक्टर श्री साहू नोडल अधिकारी नियुक्त

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का तृतीय सत्र 22 जुलाई 2024 सोमवार से प्रारंभ होकर 26 जुलाई 2024 शुक्रवार तक चलेगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सत्र के प्रश्नों के उत्तर तैयार कर समय पर उपलब्ध कराने के लिए जिले में विधानसभा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर निर्भय साहू को नियुक्त किया है। उनके अनुपस्थिति में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो लिंक ऑफिसर होंगे। अपर कलेक्टर श्री साहू और कार्यालय का दूरभाष नंबर जारी किया गया है। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर एवं लिंक ऑफिसर श्रीमती कौड़ो का मोबाइल नंबर जारी किया गया है।

### असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित

**कवर्धा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 2030 तक सभी युवा, प्रौढ़, पुरुष व महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान प्रदान कराना है।

# किसानों की दर्जनभर से अधिक समस्याओं को लेकर संघ ने डिप्टी सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**मांगों व समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने आयोजित की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ तहसील ईकाई पिपरिया द्वारा शुक्रवार को स्थानीय धान खरीदी केन्द्र में एक बैठक आयोजित कर किसानो की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की है।

वहीं बैठक के बाद संघ द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार किसानो की मांग व समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम अनुविभागीय दण्डाधिकारी कवर्धा को सौंपा है। इस संबंध में विकास चन्द्रवंशी अध्यक्ष भारतीय किसान संघ तहसील ईकाई पिपरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ की पिपरिया ईकाई की एक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें किसानो की विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान मुख्य रूप से किसानो की बकाया बीमा क्षतिपूर्ति राशि, विद्युत समस्या, राजस्व संबंधित लंबित प्रकरणों, सेवा सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने, शक्कर कारखाना के शेयरधारी किसानो को रियायती दर पर 50 किलो शक्कर उपलब्ध कराने, राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त जारी किए जाने, जिले में एक हाईटेक मिट्टी परीक्षण प्रयोग शाला प्रारंभ करने, खाद की कालाबाजारी रोकने तथा गन्ना उत्पादक किसानो को शक्कर कारखाना के बोनस एवं रिकवरी राशि के भुगतान लेकर चर्चा की गई।

तत्पश्चात संघ के निर्णयानुसार इन सभी मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा को ज्ञापन सौंपा गया तथा मांगों एवं समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान कराए जाने की मांग की गई।



### खस्ताहाल व चरमराई विद्युत व्यवस्था से किसान असंतुष्ट

भारतीय किसान संघ ने जिले की खस्ताहाल तथा चरमराई विद्युत व्यवस्था पर भी भारी नाराजगी और असंतोष प्रकट करते हुए प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर उनके समक्ष अपनी मांगे रखी है। अपने ज्ञापन में संघ ने जिले के किसानों को निर्वाध रूप से 24 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने, ग्राम नवघटा में बिजली विभाग की घोर लापरवाही से बीते दिनो एक महिला किसान की मौत होने पर मृतक परिवार के आश्रित को 10 लाख रूपए की मुआवाजा राशि दिलाए जाने तथा जिम्मेदार पिपरिया सब डिवीजन के जेई को तुरंत बर्खास्त किए जाने, विद्युत लाईन का मेंटनेंस का कार्य पहली प्राथमिकता के साथ किए जाने ताकि भविष्य में जानो माल की हानि न हो तथा विद्युत आपूर्ति में बाधा भी न आए। जहां जहां केबल तथा ट्रांसफार्मर जला है वहां का केबल तथा ट्रांसफार्मर तुरंत बदले जाने की मांग की गई है।

**अनदेखी: जर्जर पाईप लाईन से हो रही जल आपूर्ति, दूषित पानी पीने से फैला डायरिया**

# अब जिले का ग्राम गोपालभावना डायरिया की चपेट में, 32 बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभी 3 जुलाई को ही जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कामकाज की समीक्षा करने पहुंचे विभागीय सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने विभाग के आला अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए थे कि ये सुनिश्चित किया जाए की लोगों के घरों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो।

हालांकि ऐसे ही निर्देश पूर्व में जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे भी विभाग के अधिकारियों को देते आ रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि विभागीय अधिकारी इस तरह के निर्देशों को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकालने के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं। तभी तो जिले के गावों में दूषित पेयजल के कारण लगातार डायरिया फैलने की शिकायतें सामने आ रही है।

पिछले महिने जिले के ग्राम कोयलारी, दैहानडीह सहित अन्य गांवों में डायरिया फैलने तथा दर्जनो की संख्या में ग्रामीणों के बीमार तथा कुछ की मौत होने के बाद अब विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम गोपालभावना में भी दूषित पानी पीने से डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है। बताया जाता है कि यहां दूषित पानी से अभी तक करीब 32 ग्रामीण डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया तथा जिला चिकित्सालय कवर्धा में दाखिल कराया गया है।

बताया जाता है कि ग्राम गोपालभावना में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मात्र दो सरकारी बोर संचालित हैं। जिनके जरिए लोगों को पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है। लेकिन बताया जा रहा है कि इन बोर की पाईप लाईन काफी जर्जर हो चुकी है और ऐसी आशंका जताई जा रही है बारिश के बाद इन जर्जर पाईप लाईन में गांव की नाली का गंदा पानी समा रहा है जो सीधे लोगों के घरो में पहुंच रहा है और लोग इसे पीकर डायरिया का शिकार हो रहे हैं।

बीते गुरूवार को ग्राम गोपालभावना में अचानक लोगों के बीच उल्टी दस्त की शिकायत होने के बाद इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई और सूचना पाते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रभावितों का ईलाज शुरू कर दिया। वहीं जिन लोगों को स्थाई ईलाज की जरूरत थी उन्हें पिपरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैम्प कर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ पीएचई विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा पीने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले पानी का सेम्पल लेकर उसे जांच के लिए भेज दिया है। लेकिन पड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर लगातार जिले के गांवों में डायरिया फैलने की घटनाएं क्यों सामने आ रही है।

### जिम्मेदार विभागों की गैर जिम्मेदारी के चलते लगातार फैल रहा डायरिया



माना जा रहा है कि पीएचई विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ग्राम पंचायतों को जिस ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करना चाहिए वे उसे पूरा नहीं कर रहे हैं। मसलन पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाईप लाईन की समय-समय पर जांच नहीं की जा रही है। जर्जर पाईप लाईनों को नहीं बदला जा रहा है। सरकारी जल स्त्रोतों के आसपास साफ सफाई तथा बिलीचिंग पाऊडर का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। जिसके चलते ग्रीष्म व वर्षा ऋतु में एक के बाद एक गांव में डायरिया फैलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही है।

# प्रशासनिक और स्वास्थ्य अमला पहुंचा गोपालभावना

■ सामुदायिक भवन को बनाया गया अस्थाई अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम गोपालभावना में उल्टी-दस्त के प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के लिए ग्राम के सामुदायिक भवन को अस्थायी अस्पताल बनाया गया है। इस अस्थायी अस्पताल में चिकित्सक और स्वास्थ्य अमलों द्वारा लगातार स्वास्थ्य उपचार किया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर आज अपर कलेक्टर निर्भय साहू, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो ,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज सहित पंचायत एवं ग्राम विकास और लोकस्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्राम गोपालभावना का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उल्टी-दस्त से पीड़ित परिवारों और उपचार करा रहे ग्रामीणों का हाल-चाल जाना। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम के सभी सार्वजनिक 17 पेयजल स्त्रोतों को जल परीक्षण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पानी का नमूना लिया गया है। वहीं ग्राम के सभी सार्वजनिक जल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन किया गया है साथ ही सार्वजनिक बोरवेल के जल रिसाव की समस्या का निवारण भी किया जा रहा है। अपर कलेक्टर श्री साहू ने अस्थायी स्वास्थ्य कैंप में उपचार करा रहे ग्रामीणों से चर्चा की और स्वास्थ्य अमले से पीडितों के स्वास्थ्य सुधार के बारे में पूरी जानकारी ली। गांव में पेयजल का उपयोग पानी उबाल कर पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कोटवार के माध्यम से उल्टी-दस्त के रोकथाम के लिए मुनादी भी कराई गई है। कलेक्टर के निर्देश पर गांव के घरों को डोर-टूर डोर स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि गांव के संभावित मरीजों को आवश्यक दवाईयां क्लोरीन टेबलेट, ओआरएस पैकेट दिया जा रहा है। साथ ही पेयजल को उबाल कर पीने अथवा ओरआरएस घोल का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। गांव में मितानिनों के माध्यम से स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधनी बरतने के लिए नारा का दीवार लेखन कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि 3 जुलाई को गोपाल भवना में उल्टी-दस्त के कुल 12 प्रकरण मिले थे। उसी दिन ही उल्टी दस्त के प्रभावी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अमला अलर्ट हो गया और गांव के सामुदायिक भवन को अस्थायी स्वास्थ्य केंन्द्र बनाया गया। इसी तरह दूसरे दिन 4 जुलाई को 15 मरीज मिले। अब तक दस्त के 20 मरीज और उल्टी-दस्त के 7 मिले है। सभी स्वास्थ्य उपचार के बाद लगातार स्वास्थ्य में सुधार आ रहा हैं। एक मरीज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका भी स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।

## किसानों को दी गई पायरिल्ला कीट प्रबंधन एवं नियंत्रण के लिए सलाह



**कवर्धा।** कृषि विभाग एवं संत कबीर कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिकगण डॉ. एसके श्याम सिंह, डॉ. निवेदिता शाह, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एनके नेताम, कृषि विकास अधिकारी श्री जमरे एवं स्थानीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री बलसिंह मेरावी द्वारा विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम लखनपुर कला में गन्ना फसल पर पायरिल्ला कीट के प्रकोप का निरीक्षण किया। पायरिल्ला कीट का प्रकोप पूरे ग्राम के गन्ना के फसलों पर पाया गया। वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को यह सलाह दी गई कि यूरिया का छिड़काव संतुलित मात्रा में करें। कृषि विभाग के उपसंचालक अमित कुमार मोहंति ने बताया कि रासायनिक दवा के रूप में इमिडाक्लोरप्रिड 2 ग्राम प्रति लीटर एवं थायोमेथाक्जॉन दवा का छिंड़काव 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से एवं मेटारिजियम फफूंदनाशक 1 एमएल, लीटर की दर से छिड़काव करें। प्रकाश प्रपंच (लाइट ट्रैप) का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने किसानों से कहा कि दवा का ड्रोन से स्प्रे करवाने के लिए रवि साहू ड्रोन चालक से संपर्क कर सकते है। जैविक नियंत्रण के लिए एपिरिकेनिया मिलैनाल्यूका का उपयोग किया जा सकता है। जैविक नियंत्रण एवं रासायनिक नियंत्रण एक साथ नहीं करना है। मौसम को ध्यान मे रखते हुए जब मौसम खुल जाए, तब इनका प्रयोग करें।

# कीचड़ से लथपथ सड़क पर ग्राम पलानसरी के ग्रामीणों ने की धान की रोपाई

■ शासन-प्रशासन पर लगाए विकास के नाम ठगे जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकास एवं निर्माण कार्यो के साथ मूलभूत सुविधाओं के आभाव में बारिश के इन दिनो में ग्रामीण क्षेत्रों का हाल बेहाल है। आलम ये है कि पक्की नाली और पानी निकासी के अभाव में गांव की कच्ची गलियों में जल भराव और कीचड़ की स्थिति निर्मित हो चुकी है। जिससे न सिर्फ ग्रामीणों बल्कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चों का आना जाना मुस्किल हो रहा है। इस तरह की समस्याओं से ग्रामीणों में शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी नाराजगी व अंसतोष देखने को मिल रहा है। ऐसी ही नाराजगी और असंतोष ग्राम पलानसरी के ग्रामीणों में भी देखने को मिला। जिन्होने लगातार की मांग के बाद भी अपने गांव के मुख्य मार्ग के सीसीकरण एवं



पक्की नाली निर्माण नहीं कराए जाने के विरोध में कीचड़ से लथपथ मार्ग में धान की रोपाई कर डाली। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपाई करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पलानसरी में विकास एवं निर्माण कार्यो की उपेक्षा की जा रही है। उन्होने बताया कि यहां पक्की नाली तथा पक्की सड़क का अभाव वर्षो से बना हुआ है। जिससे उन्हें हर साल बारिश के दिनो में भारी परेशानियों और समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बारिश होते ही पूरा मार्ग कीचड़ से पट जाता है। जिसे देखते हुए ग्रामीण वर्ष से पक्की सड़क तथा पानी निकासी के लिए पक्की नाली की मांग कर रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि ग्रामीणों की इस समस्या और मांग के प्रति कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। जिस पर नाराजगी व असंतोष जाहिर करते हुए आज ग्रामीणों ने गांव में कीचड़ से लथपथ सड़क में धान रोपाई कर शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होने चेतावनी दी है कि अगर इसके बाद भी उनकी समस्या एवं मांग का समाधान नहीं किया गया उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## घाटी में भिड़े तीन ट्रक, दो घायल, एनएच-30 में घंटो लगा जाम



**चिल्फीघाटी।** चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-30 में शुक्रवार की दोपहर घाटी में तेजरफ्तार तीन ट्रक आपस में भिड़ गए। इस दुर्घटना में जहां दो ट्रक सवार घायल बताए जा रहे हैं वहीं घटना के बाद एनएच-30 में करीब तीन किलो मीटर लम्बा जाम लग गया। जिसे बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे तैसे खुलवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर करीब 12.00 बजे विपरीत दिशा से आ रही दो तेज रफ्तार ट्रकों की घाटी में भिडंत हो गई। बताया जाता है कि इन ट्रकों की भिडंत हुई ही थी कि एक और ट्रक इन दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों से आकर भिड़ गया। इस हादसे में ट्रक सवार दो सवार घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी तत्काल चिल्फी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे के दोनो और आने जाने वाली वाहनो की लम्बी कतारे लग गई और जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जिसे करीब तीन घंटे की मसक्कत और दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को क्रेन की मदद से सड़क से हटाकर मार्ग बहाल कराया गया। यहां बताना लाजमी होगा कि चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे में इस तरह की लगातार दुर्घटनाएं सामने आ रही है।

**शिविर में 310 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण**

# रेंगाखार में आकांक्षी शिविर कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने स्वामी विवेकानंद स्कूल रेंगाखार में आकांक्षी विकासखंड शिविर कार्यक्रम में डायरिया से संबंधित स्वास्थ्य संवर्धन खेल सांप-सीढी का विमोचन किया।

स्वास्थ्य संवर्धन खेल सांप-सीढी खेल के माध्यम से बच्चे डायरिया से संबंधित जानकारी और बचाव के तरीके को जान सके और अपने प्रतिदिन के दिनचर्या में शामिल कर सके। शिविर में कुल 310 मरीजों की जॉच की गई, जिसमें 55 गर्भवती माताओं की जॉच, 65 व्यक्तियों की रक्तचाप की जॉच, 65 व्यक्तियों की मधुमेह जॉच, 82 व्यक्तियों की सिकल की जॉच की गई।

जिसमें 02 एस तथा एसएस मरीज मिल, 82 व्यक्तियों की मलेरिया की जॉच की गई। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि गहन डायरिया नियंत्रण पखवाडा 01 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु को रोकना है।

यदि किसी भी व्यक्ति में डायरिया के कोई भी लक्षण हो तो तुरंत मितानिन, आंगनबाडी कार्यकर्ता अथवा एएनएम से संपर्क करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन में चिन्हाकिंत डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। इस अभियान के संबंध में उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त मितानिनों एवं आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर सर्वे कर हाथ धोने की विधि, जीवन रक्षक घोल बनाने, ओ.आर.एस. एवं जिंक की महत्ता, दस्त होने पर मॉ के दूध पिलाने की आवश्यकता तथा शौच के लिए शौचालय के उपयोग के बारे में बताया जा रहा है। जलजनित बिमारियों को ध्यान में रखते हुए कुएं, जलस्त्रोतों की साफ-सफाई एवं संक्रमण रोकने के लिए क्लोरीन टेबलेट वितरित किया जा रहा है। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में ओ.आर.एस. जिंक कार्नर की स्थापना की गई है।

इस अभियान में आमजनों को बच्चों में होने वाले डायरिया की रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# जुआरियों की दो फड़ों से आधा दर्जन गिरफ्तार, 1730 रुपए नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाही में आधा दर्जन जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हांथो गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 1730 रूपए नगदी तथा तास पत्ती जप्त की है। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली कार्रवाई में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम राम्हेपुर में जमी जुआरियों की एक फड़ में दबिश देकर आरोपी राज कुमार साहू पिता निरंजन साहू आयु 33 साल, सोमन धुर्वे पिता दुखित धुर्वे आयु 23 वर्ष तथा अशोक साहू पिता जगतु साहू उम्र 37 वर्ष निवासी राम्हेपुर को दबोचने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 920 रुपए जब्त किए हैं। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने रामजी साहू पिता महेत्तरू साहू उम्र 47 वर्ष, लखन यादव पिता राजेश यादव उम्र 22 वर्ष तथा महेश कुमार साहू पिता नन्दकुमार साहू उम्र 23 वर्ष को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 810 रुपए नगद जब्त किए है। पुलिस ने सभी 6 आरोपियों के खिलाफ 198/24,199/24 धारा - छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत विधिवत कार्यवाही की है।



## बैठक : क्यूआरकोड़ को स्कैन कर अपना सुझाव व विचार साझा करें: महोबे

# कलेक्टर ने अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शुक्रवार को जिला जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 के डाक्यूमेंट तैयार करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए सभी विभाग के अधिकारी दिए गए 12 थीम के आधार पर जिले से संबंधित विभिन्न सुझाव विजन के लिए तैयार कर प्रस्तुत करें। विभाग के सभी अधिकारी लक्ष्य लेते हुए सभी कर्मचारी सहित जिले के नागरिकों, स्कूल, महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को शामिल करते हुए राज्य नीति आयोग द्वारा लान्च किए गए नागरिक पोर्टल पर क्यूआरकोड़ को स्कैन कर अपने विचार साझा करने के लिए शामिल करें। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट को सर्वसमावेशी बनाए जाने के उद्देश्य से आम लोगों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए नीति आयोग द्वारा पोर्टल में मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़ तैयार किया गया है। लिंक पर जाकर या क्यूआर कोड स्कैन कर अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 पर अपने सुझाव भेज सकते हैं। श्री महोबे ने कहा कि अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 के डाक्यूमेंट तैयार करते समय 5 साल, 10 साल एवं 25 सालों में क्या-क्या किया जाना है, उपलब्ध संसाधन सहित चुनौतियों को विशेष रूप से ध्यान में रखना है और इसी के अनुरूप विजन तैयार करना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए जिले से संबंधित विजन 2047 के लिए क्या कर सकते है, क्या इसके लिए चुनौतियां आएगी और इसके लिए क्या किया जाना चाहिए। इस संबंध में चर्चा करते हुए सुझाव मांगी गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बैठक मे संस्कृति की नई पहचान एवं सुपरफूड्स शक्ति के संबंध में चर्चा की



बैठक में स्वस्थ छत्तीसगढ़, सुखी छत्तीसगढ़ के तहत सार्वभौमिक, किफायती, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, युवाओं, आदिवासियों और वरिष्ठ नागरिकों पर ध्यान देने के साथ समावेशी स्वास्थ्य सेवा, रोग प्रोफाईल के विकास के लिए स्वास्थ्य सेवा का विकास, पहुंच व गुणवत्ता एवं सेवा में सुधार के लिए डिजिटल का लाभ उठाना, बेहतर बुनियादी ढांचा और अच्छी तरह से प्रशिक्षित कार्य बल, नवाचारी एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन के अंतर्गत सभी के लिए परिणामोन्मुख मूलभूत शिक्षा, उच्च शिक्षा व नए युग के विषयों और उद्यमिता पर ध्यान, उद्योग-प्रासंगिक व उच्च मांग वाला कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से आदिवासियों के बीच अंतर को पाटना, सीखने के परिणामों को समान रूप से बेहतर बनाने के लिए डिजिटल का लाभ उठाना, बेहतर बुनियादी ढांचा और अच्छी तरह से प्रशिक्षित कार्यबल, नवीकरणीय ऊर्जा, कार्बन और ऊर्जा उत्सर्जन में कमी, कला और संस्कृति की नई पहचान एवं सुपरफूड्स शक्ति के संबंध में चर्चा की गई।

# भागवत कथा में भक्तों ने किया श्रीकृष्णा-रूखमणि विवाह व सुदामा चरित्र कथा का रसपान

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत में कथा वाचक पं आशीष पाठक द्वारा श्रीकृष्णा-रूखमणि विवाह कथा रसपान आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को कराया गया साथ ही साथ शांतिमय जीवन जीने की कला है, श्रीमद्भावगत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा। उन्होने कहां कि श्रीमद् भागवत कथा के क्रम में व्यास पं आशीष पाठक द्वारा श्री कृष्ण के अनन्य विवाट की सुंदर व रोचक कथा की गई जिसमें रूखमणी विवाह के बाद अन्य सात पटरानियां जामवती, सत्यभामा, कालिंदी, मित्रवृंदा, सत्याभद्रा एवं लक्ष्मणा है। श्री कृष्ण परमात्मा है तो आठ पटरानियां उनकी अष्टधा प्रकृति है, पुरूष श्री कृष्ण व आठ प्रकृति उनकी पटरानियां ही विश्व को पूर्णता प्रदान करती है।

उन्होने बताया कि जामवती विवाह प्रसंग में स्यमंतक मणि की अद्भुत शिक्षाप्रद कथा है। सूर्य भक्त राजा सत्राजित को तपस्या से स्यमंतक मणि की प्राप्त होती है, उसका भाई प्रसेनजीत स्यमन्तकमणि को लेकर शिकार करने जाता है प्रसेनजीत एक सिंह द्वारा व सिंह एक बलवान रिक्षराज जामवंत द्वारा मारा जाता है, श्री कृष्ण को मणि हथियाने का मिथ्या कलंक लगता है जामवंत से युद्ध पश्चात श्री कृष्ण मणि प्राप्तकर लेता है। सत्राजित को मणि प्रदान करते हैं मणि के ही कारण सतधन्वा सत्राजित की हत्या कर देता है। अक्रुर जैसे साधु पुरूष को मति भी मणि के कारण मलिन हो जाती है, यादव भी श्री कृष्ण पर संदेह करने लगे। स्यमंतक मणि की कथा लोभ के दुष्परिणाम को बताती है। भौमासुर की कारागार में बंद सोलह हजार एक सौ कन्याओं के साथ श्री कृष्ण विवाह कर निरपराध वे निर्दोष कन्याओं को समाज में सम्मान व प्रतिष्ठा प्रदान करते है। जराशंध व भीम के युद्ध की कथा मानव जीवन के सत्यता को उजागर करती है ईश्वर प्रदत्त शक्ति को प्राप्तकर जीव ईश्वर को ही भुल जाता है। अपने शरीर व संसार को मानव सर्वस्व समझ बैठता है बुढ़ापा व रोग स्त्री जरासंध से मार-खाकर जीव भगवान की ओर उन्मुख होता है, तब भी दयानिधानजीव को सहायता करते है।

श्रीमद भागवत की प्रत्येक कथा व लीला पुरुषोत्तम श्री कृष्ण भगवान का प्रत्येक कार्य व्यक्ती व समष्टि को सूखी शांतिमय जीवन जीने की ओर प्रेरित करती है। श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा में भक्तजन कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है।

### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुई भावना बोहरा

ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण का विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा रसपान किया। वहीं रामाधार शर्मा, नर्मदा प्रसाद शर्मा, राजीव शर्मा, पवन शर्मा, तोमन शर्मा, मुकेश ठाकुर, ओम प्रकाश यदु, सुरेश दुबे, दिनेश चंद्रवंशी, भोला चंद्रवंशी, अश्वनी यदु, विनय शर्मा, गीताराम साहू, डॉ संतोष साहू, मनहरण साहू, दिनेश पांडेय सहित आसपास क्षेत्र समस्त ग्रामवासी उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला बिपतरा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला बिपतरा में पढ़ाई तिहार और अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र में द्वीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षिका हीरा चंद्राकर, सोमेश्वरी चंद्राकर द्वारा उपस्थित माताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रधान पाठक सावन कुमार चंद्रवंशी द्वारा पढ़ाई तिहार और अंगना म शिक्षा विषय पर अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में फुलेश्वरी, मीना चंद्रवंशी, रत्ना चंद्राकर, पतोला, मंटोरा जायसवाल, माया यादव, सेवती, रामबती, संतोषी सहित छात्र छात्राएं व पालक गण उपस्थित थे।

# अघोषित बिजली कटौती व बिजली दरों में वृद्धि से जनता त्रस्त : तुकाराम चंद्रवंशी

- बिजली के दामों में वृद्धि जनता पर अत्याचार : श्री चंद्रवंशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी जनता के



ऊपर अत्याचार है। जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा एक तरफ जहां भाजपा सरकार के नुमाइंदे सुशासन की दुहाई देते नहीं थक रहे है, वही बिजली की दामों में बढ़ोत्तरी कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालना और प्रतिदिन अवैध अघोषित बिजली कटौती पर अंकुश न लगा पाना छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की विफलता का प्रतीक है। तुकाराम चंद्रवंशी ने बताया राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत के दलों में बढ़ोतरी को मंजूरी दिया है जो की पूर्णतः अनुचित है भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण छत्तीसगढ़ का आवाम बेहाल है, प्रदेश सरकार आमजनों को हर तरफ से परेशान करने की नियत से कार्य कर रहा है। भाजपा का यह दोहरा चरित्र स्पष्ट है।

श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू के साथ साथ उद्योगों और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को विवश होना पड़ रहा है और ऐसे में उद्योगों को महंगी बिजली मिलेगा तो उनके उत्पादों के महंगा होना स्वाभाविक है फिर आम जनता को दोहरी मार पड़ेगी, भाजपा सरकार बनते ही मंहगाई बढ़ गया है। उन्होने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली उत्पादन राज्य है, लेकिन विगत पांच माह से बिजली कटौती का केंद्र बन चुका है अघोषित बिजली कटौती से किसानों की स्थिति भयावह है, जिले में सैकड़ों की संख्या में ट्रांसफॉर्मर फेल है मगर विभाग के पास आवश्यकतानुसार उचित व्यवस्था नहीं है, अगर औसतन देखें तो 100 ट्रांसफॉर्मर पीछे 10 ट्रांसफॉर्मर ही मिल रहा है जो ट्रांसफॉर्मर मिल भी रहा है तो वो दो दिन में फेल हो रहा है घटिया क्वॉलिटी के ट्रांसफार्मर सप्लाई भाजपा सरकार की नियत कमीशनखोरी करना है उन्हें आम आदमी की सहूलियत से कोई वास्ता नहीं है।

## पूर्ववर्ती सरकार ने उच्च न्यायालय के बहाने व वर्तमान सरकार की चुप्पी समझ से परे



**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य निर्माण से लेकर जनगणना के आधार पर अनुसूचित जाति की संख्या 16 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति की 32 प्रतिशत आबादी दर्ज रहा है, राज्य में आरक्षण की स्थिति कुल 48 प्रतिशत थी, जो वर्तमान में 45 प्रतिशत हैं। सीधी भर्ती के साथ पदोन्नति में भी लागू करने नई अधिसूचना छत्तीसगढ़ सरकार ने 2012 में जारी किया। छत्तीसगढ़ लोकसेवा पदोन्नति नियम 2003 के नियम पांच में कंडिका स्थापित कर पदोन्नति में आरक्षण दी गई। 2019 में यह प्रकरण हाईकोर्ट बिलासपुर में दायर हुई और नियम 5 को स्थगित कर दिया गया। इसके बाद से अभी तक पदोन्नति में आरक्षण नहीं मिलने के कारण 45 प्रतिशत अनुसूचित जाति, जनजाति को प्रतिनिधित्व से वंचित होना पड़ा। जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह ध्रुवे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने बड़ी चालाकी से वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देने प्रशासन में मानव बल की कमी बताकर वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देने की बात मनवा ली और राज्य में धड़ल्ले से हजारों पदों पर पदोन्नति दे दी। उक्त पदोन्नति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को पदोन्नति में आरक्षण से वंचित होना पड़ा, हजारों पदों की पदोन्नति में एक भी पद पर आरक्षण नहीं मिला। उच्च न्यायालय बिलासपुर ने 16 अप्रैल 2024 को पदोन्नति में आरक्षण को निरस्त कर निर्णय पारित कर सरकार को नए नियम बनाने की अनुमति दी। परंतु छत्तीसगढ़ सरकार के 6 माह के कार्यकाल में उक्त नियम बनाने या उस प्रकरण में गति नहीं दिखाई दे रहा जिसके कारण हजारों पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही शुरू हो चुकी है और नियम के अभाव में पुनः अनुसूचित जाति जनजाति को पदोन्नति से वंचित होना पड़ेगा। ज्ञात हो कि पदोन्नति मे वरिष्ठता का निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के 1965 नियम 12 के कंडिका के तहत सीधी भर्ती में चयनित क्रम को ही वरिष्ठता क्रम मानी जाती है, जिसके तहत सर्वप्रथम अनारक्षित पद ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, अनुसूचित जाति और अंत में अनुसूचित जनजाति का नाम शामिल होता है, वर्तमान में वरिष्ठता के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन जिस तरह से पदोन्नति देने के लिए बेसब्री से काम कर रही है और अगर लागू हो जाती है तो अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति को आजीवन पदोन्नति नहीं मिलेगी। क्योंकि इनकी नियुक्ति सबसे अंत आखिरी में होती हैं। संगठन ने सरकार से मांग की है कि शीघ्र ही पदोन्नति में आरक्षण देने संबंधी अधिसूचना, नियम बनाए तत्पश्चात पदोन्नति देने की कार्यवाही करें।

# सीएमओ ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पर्यावरण संरक्षण समिति पंडरिया व नगर पालिका पंडरिया सीएमओ कोमल ठाकुर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को नगर के स्थित बांधा तालाब में नीम व कदम्ब का पौध-रोपण कर लोगों को पौधरोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। श्री ठाकुर द्वारा पौधरोपण कर संरक्षण के लिए आर्थिक सहयोग समिति को दी गई। जिस पर पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा उनका आभार व बधाई दी। इस अवसर पर समिति के सदस्य गण मोहन राजपूत, अनुराग ठाकुर, राजीव श्रीवास्तव, मोहन सिंह, गोविंद रजक, हमीद खान, एसएल कुर्रे सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
//ईश्तहार//
रा.प्र.क्र.ई. पंजी./202406082200021/
अ-6/वर्ष 2023-24

आवेदक रामसनेही तिवारी पिता स्व. बलराम प्रसाद साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-10सी भू-खण्ड क्रं. 38 क्षेत्रफल 365.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में मनहरण लाल, सनतकुमार, रामसनेही, शंभूप्रसाद, प्रभा, निर्मला, उषा पिता बलराम प्रसाद, मथुराबाई पति बलराम प्रसाद के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के मूल धारक मथुरा बाई की मृत्यु दिनांक 18.10.2013 एवं उनके पति बलराम प्रसाद तिवारी की मृत्यु दिनांक 27.05.1997 को हो जाने के कारण उनके वैध वारिसों का नाम अपंजीकृत बंटवारा अनुसार नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 16/07/2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 27/06/24 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 27/06/2024
पेशी दिनांक 16/07/2024
मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

# कलेक्टर ने राजस्व पखवाड़ा शिविरों के तैयारियों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले में इसकी तैयारी पूरी हो गई है, इस अभियान के पहले दिन 6 जुलाई को 8 ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 32 ग्राम पंचायतों के किसान, ग्रामीणजन शामिल होंगे। इस शिविर में खासकर राजस्व संबंधित समस्याओं, मांग और शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। राज्य शासन द्वारा आवेदन के निराकरण के लिए अलग-अलग तिथि निर्धारित की गई है।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शुक्रवार को जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेकर राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़ा के आयोजन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि इस अभियान के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गई है, उस समय सीमा का विशेष ख्याल रखें। निराकरण नियमानुसार होनी चाहिए। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार को अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले राजस्व शिविरों का अवलोकन निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि राजस्व पखवाड़ा के पहले दिन 6 जुलाई को कवर्धा तहसील के ग्राम खड़ौदाखुर्द में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राम्हेपुर, सुखाताल, खडौदाखुर्द और बटुराकछार के किसान और ग्रामीण जन शामिल हो सकते है। इसी प्रकार पिपरिया तहसील के ग्राम कोठार में आयोजित होगा जिसमें चरडोंगरी, बरदूली, पालीगुढ़ा कोठार के ग्रामीणजन शामिल होगे।

इसी तरह सहसपुर लोहारा के ग्राम बडौदाकला, कुण्डा के ग्राम मोहगांव, कुकदूर के महिडबरा, पंडरिया के झिंगराडोंगरी, बोड़ला के दलदली, रेंगाखार के समनापुर ग्राम में राजस्व शिविर का आयोजन होगा। जिसमें आसपास के ग्राम गांगपुर, सिंगारपुर, नवागांव, चंदैनी, बडौदाकला, बडौदाखुर्द, पलानसरी, रैतापारा, मोहगांव, बदना, बिरहुलहीह, कांदावानी, महिडबरा, मुनमुना, सिंगरपुर, कुल्हीडोंगरी, ढिंगराडोंगरी, चेन्द्रादार, पीपरखुटा, भूरसीपकरी, केसमरदा और दलदली के ग्रामीण जन शामिल होंगे। बैठक में अपर कलेक्टर निर्भय साहू, राजस्व पखवाडा के नोडल एवं डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन सहित सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार व नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

### जल जीवन मिशन की होगी जांच, निर्देश जारी

**खैरागढ़।** जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन तहत जारी कामों में भर्राशाही को लेकर कांग्रेस नेता कपिनाथ महोबिया की शिकायत बाद जॉच होगी। कपिनाथ महोबिया की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के मुख्य अभियंता ने दुर्ग संभाग के अधीक्षण अभियंता को जांच कराने का निर्देश दिया है। मंत्री अरूण साव को मामले में शिकायत करते हुए कपिनाथ महोबिया ने बताया था कि जिले में जल जीवन मिशन योजना में व्यापक तौर पर गड़बड़ी की जा रही है। छुईखदान ब्लाक के कुकरीटोला, सांकरा, बेन्द्रीडीह सहित कई गांवों में योजना के तहत पानी टंकी निर्माण के काम में गुणवत्ता की अनदेखी करने, आधा अधूरा काम करने, पाइपलाइन बिछाने में निम्न स्तर के मटेरियलों का प्रयोग करने, निर्माण के बाद पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो रहा है।

# पहुंच रही खाद की रेक अब नहीं होगी किल्लत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून के सक्रिय होते ही खेती-किसानी के कार्य में तेजी आनी शुरू हो गई है। जिसके साथ ही रासायनिक खाद की मांग बढ़ने लगी है। समितियों में खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर ट्रेन के माध्यम से खाद की आवक राजनांदगांव सहित सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत आने वाले चार जिलों के लिए हो रही है।

खेती-किसानी के कार्य में तेजी आने के साथ ही खाद की मांग भी बढ़ने लगेगी। जिले में जितने खाद का भंडारण किया गया था, लगभग उतने खाद का उठाव भी किसानों ने कर लिया है। ऐसे में अब खेती-किसानी के कार्य में तेजी से खाद की मांग पर भी इजाफा होगा। जिसके लिए समितियों में खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के लिए जिला केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा कार्य किया जा रहा है और ट्रेन के माध्यम से प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना के तहत भारत यूरिया की रेक राजनांदगांव पहुंच रही है।

### लक्ष्य का 85 प्रतिशत भंडारण

खाद के भंडारण को लेकर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा का कहना है कि खाद भंडार और वितरण को लेकर हमने सहकारी बैंक के अधीन चार जिलों की समीक्षा की है। जिसमें लक्ष्य से 85 प्रतिशत प्रतिशत खाद का भंडारण हो चुका है।

## पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को विस्तार से बताया

# लागू हुए तीन नए कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हाल ही में देश में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारी कौन सा कानून चलेगा, किस कानून की जगह और नए कानून संसद से कब पारित हुए जैसे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बदल गई देश की आपराधिक न्याय व्यवस्था थीम के साथ पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा छात्रों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हुए से संबंधित जानकारी दी। जिसमें कहा कि 12 दिसंबर 2023 को तीन कानूनों में बदलाव के बिल संसद में पेश। 21 दिसंबर 2023 संसद से तीनों विधेयक पारित, 25 दिसंबर 2023 राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी और 24 फरवरी 2024 केंद्र ने कानून लागू करने की तारीख घोषित किया और 1 जुलाई 2024 तीन नए आपराधिक कानून देशभर में लागू हो गया है।

प्रो. मानिकपुरी ने बताया कि इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गया है और नए कानून के उद्देश्य सरकार ने सदन में कहा था कि समाप्त होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेजी शासन को मजबूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे और उनका उद्देश्य दंड देने का था न्याय नहीं।

तीन नए कानून की आत्मा है। भारतीय नागरिकों को संविधान द्वारा दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा की जाए, इसका उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि न्याय देना है। जैसे महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया। प्रस्तुतिकरण के बाद विद्यार्थियों के जिज्ञासा प्रश्नोत्तरी, उनके जिज्ञासा को शांत किया गया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071